● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 99, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 16 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र — हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर





सुको के फैसले पर राष्ट्रपति ने जताई आपत्ति 5

राहित-कोहली के सन्यास से घबराने की जरूरत नहीं 6

## हमारी सरकार गरीबों के विकास के लिए कृत संकल्पित : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार गरीब और जनजातीय भाइयों के विकास के लिए कृत संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने हर आदमी का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है। विन्ध्य से मेरा आत्मीय नाता है। इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीधी जिले के धौहनी विधानसभा क्षेत्र में मझौली में आयोजित विशाल जनजातीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धौहनी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेती और किसान को समृद्ध करने के लिए हमारी सरकार ने पिछले 20 सालों में प्रदेश में सिंचाई का रकबा 7 लाख हैक्टेयर से बढ़ा कर 65 लाख हैक्टेयर कर दिया गया है। इसे अगले 4 सालों में 1 लाख हैक्टेयर तक बढ़ाया जायेगा। सरकार सोलर पम्प योजना से किसानों को बिजली के बिल से राहत देने का प्रयास कर रही है। सोलर सयंत्र लगाने पर किसान को मुफ्त मे बिजली मिलेगी तथा अतिरिक्त बिजली बेचकर आमदनी भी होगी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 10वीं में टॉप करने वाली क्षेत्र की बेटी प्रज्ञा जायसवाल एवं प्रदेश में 12वीं मैरिट मे आने वाली बेटी को 1-1 लाख रूपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल लोक कलाकारों को 10 -10 हजार रूपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर में दुनिया को अपनी ताकत दिखा दी है। उन्होंने कहा कि जो हमारी ओर आँख उठाएगा, उसको हमारी सेना करारा जबाव देगी। विन्ध्य के थल सेना अध्यक्ष और नौसेना अध्यक्ष के नेतृत्व में ऑपरेशन सिन्दूर पूरी तरह से सफल हुआ। इनके शौर्य और पराक्रम ने पूरे विश्व में विन्ध्य का मान बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाणसागर बांध से मझौली सिंचाई योजना मंजूर की जाती है। मझौली में स्टेडियम तथा जनपद कार्यालय में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जायेगा। नगर परिषद मझौली में पुराने बस स्टैण्ड से नये बस स्टैण्ड तक सड़क का शीघ्र निर्माण किया जायेगा। मझौली के कला और वाणिज्य कॉलेज का उन्नयन होगा। मझौली, मड़वास तथा कुसमी में पोस्टमैट्रिक छात्रावास बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में कुंदौर, कोटा, पिपराही, डेबा तथा धुपखेडा में अनुसूचित जनजाति छात्रावास बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंगरौली जिले के साजापानी से झारी तथा गढईगांव से भरसेडी तक सड़क का निर्माण होगा। परीक्षण के बाद निवास चौकी का थाने मे उन्नयन किया जायेगा। निवास में महाविद्यालय बनाया जाएगा। क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों का भी उन्नयन किया जायेगा। सीधी तथा सिंगरौली को मिलाकर बैगा विकास प्राधिकरण बनाया जायेगा।

## मुख्यमंत्री मैन मेड एंड टेक्सटाइल एक्सपो का करेंगे शुभारंभ

**भोपाल।** प्रदेश में मानव निर्मित फाइबर, होम टेक्सटाइल और तकनीकी टेक्सटाइल के निर्यात की संभावनाओं को तलाशने और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16 मई को इंदौर में टेक्सटाइल एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम 5 बजे सेमिनार का शुभारंभ करेंगे। राज्य सरकार और मैन मेड एंड टेक्नीकल टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन कॉउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में होटल मैरियट में सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य सरकार की टेक्सटाइल नीति, रणनीतियों और निर्यात को प्रोत्साहन देने वाले किये गये प्रयासों पर विशेष संबोधन देंगे। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह राज्य की टेक्सटाइल नीति और नई पहलों पर प्रस्तुति देंगे।

## पाक से केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी बात : जयशंकर



**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम के बाद उठ रहे सवालों का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ अब बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी। होंडुरास के दूतावास के उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है जिसे उसे हमें सौंपना होगा। साथ ही उसे आतंकियों के बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा। वे जानते हैं कि क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएं हैं जो संभव हैं। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित है और तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को रोका नहीं जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं।

संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि यह साफ है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था। हमने आतंकी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है।

## मंत्री विजय शाह पर बढ़ा इस्तीफे का दबाव

**भोपाल।** महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मंत्री विजय शाह के विवादित बयान पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि आप संवैधानिक पद पर हैं और आपको अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। एक मंत्री होकर आप किसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ लिखी गई एफआईआर की कॉपी पर भी सवाल उठाए हैं। इधर सियासी उथलपुथल भी तेज हो गई है। उमा भारती भी इस मामले में लगातार मंत्री शाह के इस्तीफे की मांग कर रही हैं। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेत्री उमा भारती ने विजय शाह को घेरते हुए गुरुवार को फिर से ट्वीट किया। उसमें लिखा कि कांग्रेस के कहने सुनने से हमें क्या मतलब, नैतिकता और देशभक्ति पर कांग्रेस खरी उतर ही नहीं पाई किंतु हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा दी गई नसीहतों का तो हम ध्यान रखें।

## जम्मू कश्मीर में तीन आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के त्राल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। सुरक्षाबलों को तीन दहशतगर्दों को मार गिराने में सफलता मिली है। पूरे इलाके को घेर लिया गया है। सर्च अभियान जारी है। सीमा पर गोलाबारी थमते ही सुरक्षाबलों ने घर में छिपे बैठे आतंकियों का सफाया शुरू कर दिया है।

## रक्षा निर्यात में एक दशक में 34 गुना की ऐतिहासिक उछाल

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात अब तक के उच्चतम स्तर पर है। पिछले एक दशक में इसमें 34 गुना की बढ़ोतरी हुई है। भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित पहले से कहीं अधिक मजबूत हो रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट में रक्षा मंत्री ने कहा, साल 2024-25 में भारत ने 23,622 करोड़ रुपये मूल्य के रक्षा उत्पादों का निर्यात किया, 2013-14 में यह 686 करोड़ रुपये था। रक्षा मंत्री के कार्यालय का कहना है कि इस कामयाबी के पीछे रक्षा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की भावना है। आत्मनिर्भर और मेक इन इंडिया कार्यक्रमों के तहत रक्षा क्षेत्र में भारत ने कई योजनाओं की शुरुआत की है। इसमें उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन भी शामिल है। इसका लक्ष्य वैश्विक बाजार में भारतीय रक्षा उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनाना, निर्यात बढ़ाना, वैश्विक आपूर्ति श्रृखला से भारत को जोड़ना और आयात निर्भरता कम करना है। मेक इन इंडिया पहल पर सरकार के जोर के कारण रक्षा उत्पादन ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया है। रक्षा विनिर्माण में इस वृद्धि के कारण पिछले कुछ वर्षों में प्रमुख रक्षा विनिर्माण सार्वजनिक उपक्रमों में निवेशकों को अच्छा खासा लाभ भी मिला है।



# जिले में नही बढ़ी महिला पुलिस की सक्रियता

## फरियादियों को नही मिल पा रहा न्याय,निराश होकर वापस लौट रहे फरियादी



**सिंगरौली।** पुलिस कप्तान सिंगरौली द्वारा जिले में महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ मजनू टाइप के मनचलो के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही महिला थाना को संसाधनो के साथ-साथ सक्रियता बढ़ाना के निर्देश भी दिए गए थे। इन निर्देशों के पीछे पुलिस कप्तान की सोच मनचलो के सक्रियता पर अंकुश लगाने के साथ-साथ महिला अपराधों पर विराम लगाने की रही होगी। लेकिन महिला थाना प्रभारी एवं उनके सहयोगी फील्ड से अधिक थाने में ही सक्रिय देखे जाते है। जिसके चलते मनचलो के हौसले बुलंद है। समय-समय पर सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले विडियो इस बात की पुष्टि करते हैं कि कहीं न कहीं कुछ तो गड़बड़ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस कप्तान सिंगरौली द्वारा महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ मनचलो की सक्रियता पर भी अंकुश लगाने की दिशा में प्रयास हेतु निर्देश समय-समय पर दिए जाते रहते हैं। तथा लोगो को अपराधों की जानकारी एवं अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई हेतु समय-समय पर विभिन्न अभियानों के माध्यम से जानकारी दी जाती रही है। यहां तक कि जन जागरुकता अभियान चलाकर लोगो को जागरुक करने का प्रयास समय-समय पर किया जाता रहा है।

### जागरुकता अभियान दिखावे तक सीमित

भले ही पुलिस कप्तान द्वारा लोगो को जागरुक करने के साथ-साथ संबंधित विभाग के कर्मचारियों को भी जागरुक एवं सक्रिय करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रयास किए जाते हैं। निश्चित ही इन प्रयासो से आम लोगो में जागरुकता तो आई। लोग घटित अपराधों की जानकारी पुलिस थाने में देकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रयास करते देखे भी जा रहे हैं। लेकिन इन सब प्रयासो के बाद भी विभाग जागरुक नही हो सका। महिला थाना में पदस्थ अधिकांश कर्मचारी भीड़ भाड़ वाली जगहों से नदारत रहते हैं। प्रचंड धूप के कारण अधिकांश कर्मचारी थाने में बैठकर ही समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं। जिसके चलते मनचलो की सक्रियता में कमी आने की जगह बढ़ोत्तरी हो रही है।

### निराश होकर वापस लौट रहे फरियादी

भले ही महिला थाना के थाना प्रभारी एवं उनके सहयोगी इस धूप में फील्ड में जाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हों लेकिन उनकी सक्रियता थाने में बरकरार है। फरियादी के आते ही सेटिंग डिपार्टमेंट सक्रिय हो जाता है। तथा फरियादी की फरियाद लिखे जाने के पहले ही आरोपी से संपर्क बन जाता है। चर्चा तो यहां तक है कि मामला आते ही कुछ घंटो में ही समाधान हो जाता है। भले ही इस समाधान से फरियादी संतुष्ट न हो लेकिन सेंटिग डिपार्टमेंट के कर्मचारी एवं उनके अधिकारी अवश्य संतुष्ट हो जाते हैं। महिला थाने के लिए यह कोई नही घटना नही है। इसी लेन-देन के चक्कर में पहले भी कई कर्मचारी नप चुके हैं

### कॉलेज मोड़ व पार्को में सक्रिय हैं मनचले

भले ही पुलिस कप्तान द्वारा महिला पुलिस को भीड़ भाड़ वाले जगहो में खास तौर से कॉलेजों एवं उनके आसपास के तिराहों,चौराहों एवं पार्को में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हो लेकिन मनचलो की बढ़ती सक्रियता एवं सोशल मीडिया पर समय-समय पर वायरल होने वाले अश्लील विडियो इस बात की पुष्टि अवश्य करते हैं कि जिले में मनचले सक्रिय हैं। इस चिलचिलाती धूप में भी उन्हें अश्लील हरकत करने का अवसर मिल ही जाता है। जिससे यह तो स्पष्ट है कि विभिन्न कार्यशालाओं एवं जनजागरुकता अभियानों के बाद भी महिला पुलिस ने जागरुकता नही आ सकी।

# कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में डीएवी स्कूल का शानदार रहा रिजल्ट




### कृष्ण विहार कक्षा 10वीं में श्लोक शुक्ला व सूर्य विहार स्कूल के कक्षा 12वीं में संदीप रहे टॉपर

**सिंगरौली।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कक्षा 10 वी एवं 12 वीं के घोषित हुये परिणामों ने सासन पावर द्वारा वित्त पोषित एवं डीएव्ही द्वारा संचालित डीएव्ही स्कूल सूर्य विहार, कृष्ण विहार के उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्र वासियों में अपार खुशी एवं हर्ष का माहौल है। इस अभूतपूर्व परिणाम के लिये सासन पावर के सीईओ सचिन मोहापात्रा एवं विद्यालय के चेयरमैन सुब्रतो घोष एवं पीडी नीरज किषोर ने समस्त छात्रों अभिभावकों विद्यालय प्रबंधन को इस अभूत पूर्व सफलता के लिये हार्दिक बधाई देते हुये बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी।

बताते चले कि इस वर्ष कक्षा 10वी मे कुल 160 बच्चो मे से 157 बच्चे उत्तीर्ण रहे है जबकि 12वी मे 51 बच्चो मे से 48 बच्चे उत्तीर्ण रहे। डीएव्ही स्कूल सूर्य विहार के कक्षा 10वीं एवं 12वी के शत् प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे है। विद्यालय के कक्षा 10वी का औसत क्यूपीआई 65.21 प्रतिशत, कक्षा 12वी का 72.63 प्रतिशत रहा। जबकि स्कूल कृष्ण विहार के कक्षा 10वी का औसत क्यूपीआई 66.78 प्रतिशत तथा 12वी का 68.71 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वी में स्कूल सूर्य विहार की निशिता तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कृष्ण विहार के श्लोक शुक्ला ने 94.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, आदित्य कुमार वैश्य 93.80 अंको के साथ द्वितीय, सुमन शाह ने 91.6 प्रतिशत के साथ तृतीय प्राप्त किया। कक्षा 12वी मे डीएव्ही स्कूल सूर्य विहार के संदीप कुमार शाह 92.8 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, प्रीती शाह, सुमित कुमार वैश्य ने 91.40 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय तथा सुरज प्रसाद ने 90.20 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वी मे कुल 5 बच्चो ने 90 प्रतिशत से अधिक, 18 बच्चो ने 80-89 प्रतिशत, 25 बच्चो ने 70-79 प्रतिशत तथा 47 बच्चो ने 60-69 प्रतिषत अंक प्राप्त किये है। सासन पावर लिमिटेड के सीएसआर टीम से फुजैल अहमद,नृपेन्द्र पांडेय, आषिष गुप्ता, अमित दुबे एवं हृदयलाल शाहू ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियो को ढेर सारी बधाई तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

# केंद्रीय विद्यालय जयंत के छात्रों ने विद्यालय का बढ़ाया मान

## 10वीं व 12वीं सीबीएसई बोर्ड में रहा शानदार प्रदर्शन



**सिंगरौली।** केंद्रीय विद्यालय सीडब्लूएस जयंत ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक उत्कृष्ट का परचम लहराते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2024-25 के लिए कक्षा 12वीं में कुल 48 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में भाग लिया। जिसमें से 47 छात्र सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का कल परीक्षा परिणाम 97.92प्रतिशत है। उत्तीर्ण छात्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के नाम अनंता 91.60 प्रतिशत,जोशी वाणिज्य, उत्कर्ष सोनी 90.60 प्रतिशत,विज्ञान, ओम अग्रहरी 86.60 प्रतिशत विज्ञान। कक्षा दसवीं में कुल 68 छात्रों ने परीक्षा दी और सभी 68 छात्र सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में के टॉपर छात्र आर्या कुमारी 95.20 प्रतिशत, आयुष सिंह 92 प्रतिशत ,संनी कुमार सोनी 91.40 प्रतिशत अर्जित की है। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सिंह भदोरिया ने समस्त सफल विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों एवं अध्यापक गणों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# बिना परमिट दौड़ रही दो बसों को परिवहन विभाग ने किया जब्त, थाने में खड़ी कराई गई




**सिंगरौली।** जिले के मोरवा और मकरोहर मार्ग पर बिना परमिट के दौड़ रही दो बस पर परिवहन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। विभागीय चेकिंग के दौरान बस क्रमांक एमपी 66 जेडडी 7924 और एमपी 66 पी 0122 को रोका गया। जांच करने पर पता चला कि बस के पास परमिटए फिटनेस और प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज नहीं थेए इसके बावजूद बस का संचालन किया जा रहा था। दोनों बसों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से थाने में खड़ा कराया गया है।

जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि यह कार्रवाई परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार और कलेक्टर के मार्गदर्शन में की गई। उन्होंने कहा कि बिना दस्तावेजों के वाहनों का संचालन पूरी तरह गैरकानूनी है और यात्रियों की सुरक्षा के साथ खतरा है। ऐसी लापरवाही पर सख्त कदम उठाना जरूरी है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि आज करीब 32 बसों को रोक कर उनके दस्तावेज चेक किए गए। जिसमें दो बसों में बैध दस्तावेज नहीं पाए गए। बस क्रमांक एमपी 66 जेडडी 7924 और एमपी 66 पी 0122 बिना परमिट के चल रही को जब्त कर थाना में खड़ा कराया गया है। परिवहन विभाग अब बस संचालक पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। कार्यवाही के दौरान बाबू व्योम तिवारी सहित अन्य स्टाफ मौजूद।

### वाहन संचालकों को सख्त चेतावनी

गुरूवार को जांच के दौरान परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ ने अन्य वाहनों की भी जांच की और सभी बस संचालकों को सख्त हिदायत दी कि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज अपडेट रखें। विभाग ने साफ कर दिया है कि भविष्य में भी इसी तरह के आकस्मिक जांच अभियान चलते रहेंगे।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 ट्रक चालकों पर हुई कार्यवाही

## वाहनों को जब्त कर पुलिस ने भेजा न्यायालय



**सिंगरौली।** यातायात पुलिस ने बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि चेकिंग लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 ट्रक चालको पर कार्यवाही किया है। साथ ही वाहनों को जब्त कर न्यायालय भेजा गया है। यह कारवाही यातायात थाना प्रभारी दिपेन्द्र सिंह कुशवाह ने की है। थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि मध्य रात्रि में अलग-अलग टीम लगाकर शहर के निगाही मोड, अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लगभग 63 वाहनों को चेक किया गया एवं समझाइश दी गई थी शराब या अन्य कोई मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं वाहन पर समुचित नियंत्रण नहीं हो पाता जिस कारण से दुर्घटनाएं घटित हो जाती है । जिसमें 11 ट्रक 1 पिकप चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर निराकरण के लिए न्यायालय पेश किया जाएगा।

# नि :शुल्क राशन के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**सिंगरौली।** शासन द्वारा निश्शुल्क राशन के लिए ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य कर दिया है। जिले में ई-केवाईसी नहीं होने पर हितग्राही निश्शुल्क राशन से वंचित हो सकते हैं। ई-केवाईसी में बुजुर्गों और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के फिंगर प्रिंट मिलान में समस्या आ रही थी। जिसके कारण उनका बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था। इस समस्या के निराकरण के लिए शासन द्वारा मोबाइल एप तैयार किया गया है जो चेहरे को स्क्रीन कर ई-केवाईसी अपडेशन करेगी। कोई भी हितग्राही खुद भी इस ऐप को डाउनलोड कर अपडेशन कर सकता है। जिला आपूर्ति अधिकारी सिंगरौली ने जिले के सभी निश्शुल्क राशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से अनुरोध किया है कि अपना ई-केवाईसी सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान: जलजलिया माता मंदिर प्रांगण की हुई साफ -सफाई

**सिंगरौली।** जल है तो कल है अपने कल के आज से जल को सहेजने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक जल संरचनाओं के संरक्षण, जीर्णोद्धार, नवीन जल संरचनाओं का निर्माण करने का अभिनव अभियान जल गंगा संबर्धन अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी के अगुआई में जल संरक्षण के लिए अनेक नवाचार किया जा रहा है।

# आदिवासी महिला सरपंच दर-दर भटकने के लिए मजबूर

## मंत्री से लेकर जिला एवं जनपद सीईओ के यहां जीआरएस के खिलाफ की जा चुकी है शिकायतए नोटिस तक कार्रवाई सीमित



**सिंगरौली।** जनपद पंचायत क्षेत्र देवसर के ग्राम पंचायत चटनिहा की आदिवासी महिला सरपंच रोजगार सहायक के कारगुजारी से त्रस्त होकर पिछले एक साल से जिला पंचायत सीईओ के यहां शिकायत की जा रही है। लेकिन जिला पंचायत सीईओ नोटिस तक ही कार्रवाई को सीमित कर रखा है। समस्या का निराकरण करने साहस नही जुटा पा रहे हैं। कहीं न कहीं राजनीति के साथ.साथ अन्य स्त्रोत सामने आ रहे हैं। इस तरह के आरोप ग्रामीण मजदूरों के द्वारा कई आरोप लगाये जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत चटनिहा के आदिवासी महिला सरपंच सोनकली सिंह द्वारा पंचायत के ग्राम रोजगार सहायक भुवनेश्वर प्रसाद जायसवाल की कारगुजारी से त्रस्त होकर पिछले वर्ष से जनपद एवं जिला पंचायत सीईओ के यहां कई अनियमितताओं को लेकर लिखित एवं प्रमाणित शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद आरोप है कि जिला पंचायत सीईओ रोजगार ग्राम सहायक को नोटिस देकर कार्रवाई सीमित कर दी है। आदिवासी महिला सरपंच का आरोप है कि जीआरएस भुवनेश्वर प्रसाद जायसवाल के द्वारा पंचायत भवन में उपस्थित नही होते और न ही हितग्राहियों के कार्य किये जाते हैं। हितग्राहियों के साथ.साथ सरपंच के फोन को भी रीसिव नही करते। सरपंच ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत अंतर्गत कार्य कर रहे मजदूरों को मस्टररोल न लगाकर अन्य व्यक्तियों का फर्जी मस्टररोल लगाकर राशि आहरित कर ली जाती है और कार्य करने वाले श्रमिको को मजदूरी राशि के लिए दर.दर भटकना प?ता है। ग्राम पंचायत अंतर्गत जीन बेंडरों के द्वारा सामग्री दी गई हैए उन बेंडरों का बिल.व्हाउचर न लगाकर जीआरएस अपने गृह ग्राम सरई के बेंडरों के नाम से फर्जी बिल लगा दिया है। जीआरएस पर यह भी आरोप है कि हितग्राहियों से अनुचित राशि की मांग की जाती है। सरपंच ने पूरे दस्तावेजों के साथ कई बार जिला एवं जनपद सीईओ के यहां शिकायत किया। जहां जिला पंचायत सीईओ ने जीआरएस भुवनेश्वर प्रसाद जायसवाल को पिछले वर्ष 18 नवम्बर को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा था और हैरानी की बात है कि जीआरएस ने सीईओ के नोटिस का जवाब भी नही दिया और न उपस्थित हुआ। फिर सीईओ जिला पंचायत ने 18 दिसम्बर 2024 को जीआरएस को नोटिस दिया और जिक्र किया कि 30 दिसम्बर को उपस्थित होकर जवाब दे। इसके बाद जिला पंचायत सीईओ ने क्या कार्रवाई कियाए आज तक पता नही चल पाया और मौजूदा समय में जीआरएस चटनिहा पंचायत में पदस्थ है। मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल कल दिन शुक्रवार को जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। जहां विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पंचायत मंत्री के आगमन की जानकारी मिलने पर चटनिहा पंचायत के गरीब आदिवासी महिला एवं पुरूष श्रमिको ने सीधे आरोप लगाया है कि जिम्मेदार अधिकारी जिला पंचायत सीईओ जीआरएस भुवनेश्वर प्रसाद जायसवाल पर मेहरवान हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

क्र./612/राजस्व/न.पा.नि./2025-26 रीवा, दिनांक 13.05.2025

### ई-निविदा छठवां आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व के गांधी काम्पलेक्स प्रकाश चौराहा ब्लाक A एवं B की दुकानों, जो रिक्त है, के अंतरण हेतु प्रीमियम तथा भू-भाटक पर म0प्र0 नगर पालिक निगम (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016, संशोधित नियम 2021 एवं संशोधित नियन 2023 के तहत ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। कोई भी ईच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म ऑन लाईन शुल्क जमा कर निविदा में भाग ले सकते है।विवरण तालिका में दर्शित है। निर्धारित आवेदन पत्र शर्तो नियमावली के साथ रूपये 1000=00 का भुगतान कर ऑनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। निविदा में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

1. ऑन लाईन भुगतान किये गये शुल्क की रसीद
2. आधार कार्ड
3. पैन कार्ड

उपरोक्त दस्तावेजों की स्कैन कॉपी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी निविदाकार की स्वयं की होगी। निविदा संबंधित प्रमुख तिथियॉ निम्नानुसार है :-

1. ऑन लाईन निविदा फार्म खरीदने की प्रारंभ तिथि - 15/05/2025 समय सायं 17.00 बजे से।
2. ऑन लाईन निविदा फार्म खरीदने की अंतिम तिथि - 04/06/2025 समय सायं 18.00 बजे तक।
3. ऑन लाईन निविधा फार्भ जमा करने की प्रारंभ तिथि - 15/05/2025 समय सायं 18.00 बजे से।
4. ऑन लाईन निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - 04/06/2025 समय सायं 18.00 बजे तक।
5. ऑन लाईन तकनीकी लिफाफा खुलने की तिथि - 06/06/2025 समय सुबह 12.00 बजे से।
6. ऑन लाईन वित्तीय लिफाफा खुलने की तिथि - कार्यालयीन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ऑनलाइन सूचित किया जावेगा।

निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकार को ई-टेण्डरिंग पोर्टल www.mptenders.gov.in मे आवश्यक शुल्क जमा कर पंजीयन कराना होगा। पोर्टल में पंजीयन के बिना कोई भी निविदाकार निविदा में भाग नही ले सकता। प्रतिभूति राशि ऑनलाईन जमा करनी होगी। उच्चतम निविदादाता द्वारा विक्रय मूल्य की 25 प्रतिशत राशि निविदा खुलने के दिनांक से 21 दिन के भीतर जमा करनी होगी शेष राशि उक्त नियम 2016 के संशोधित नियम 7 के अनुसार जमा करनी होगी।निविदा से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्ते विकाश शाखा, कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा से कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती हैं।

| क्र0 | निविदा क्रमांक | दुकान क्रमांक | क्षेत्रफल | निर्धारित मूल्य | श्रेणी | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गांधी काम्पलेक्स ब्लाक-ए | | | | | | |
| 1 | 2021_UAD_167526_6 | L.G.F. 15A | 5.34X3.28 मीटर | 1500000 | GEN | 37500.00 |
| 2 | 2021_UAD_167527_6 | L.G.F. 15B | 5.34X1.84 मीटर | 810000 | GEN | 20250.00 |
| 3 | 2021_UAD_167528_6 | L.G.F. 15C | 2.2X1.98 मीटर | 375000 | GEN | 9375.00 |
| गांधी काम्पलेक्स ब्लाक-बी | | | | | | |
| 4 | 2021_UAD_167530_6 | L.G.F. 16A | 2.4X1.5 + 1.83X1.23 मीटर | 500000 | GEN | 12500.00 |
| 5 | 2021_UAD_167531_6 | सीढ़ी के नीचे 16B | 2.7X5.5 मीटर | 1250000 | GEN | 31250.00 |

"टीपः- अचल सम्पत्ति का वार्षिक पट्टा-भाटक, प्रथम 10 वर्ष हेतु, न्यूनतम 0.5 प्रतिशत होगा तथा तत्पश्चात् अगले 20 वर्षो के लिए निविदा में प्राप्त प्रीमियम के मूल्य, जिस पर अनुमोदन को सम्पत्ति के अंतरण के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, का 2 प्रतिशत, होगा"

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा ( म.प्र. )

# मुख्यमंत्री ने लाडली बहना योजना की 1551.89 करोड़ की राशि की जारी

## मुख्यमंत्री ने सीधी विधानसभा को दी 112.86 करोड़ के निर्माण कार्यों की सौगात, देश में नारी सम्मान की प्राचीन काल से है परम्परा






**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी में आयोजित विशाल आमसभा में लाड़ली बहना योजना की 24वीं किस्त के रूप में 1 करोड़ 27 लाख हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक से 1551.89 करोड़ रूपये की राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में नारियों के सम्मान की प्राचीन काल से परम्परा है लाड़ली बहना योजना हमारी बहनों को हर महीने रक्षाबंधन मनाने का अवसर देती है। हमने चुनाव के समय जो बादा बहनो से किया था उसे लगातार निभा रहें है। हम भगवान राम की संस्कृति को मानने वाले हैं जो वचन देते हैं उसे प्राण देकर भी निभाते हैं। लाड़ली बहना को सम्मान देकर पूरा प्रदेश गौरवान्वित होता है। समारोह मे मुख्यमंत्री ने सीधी विधानसभा क्षेत्र में 112 करोड़ 86 लाख 91 हजार रूपये के 84 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा योजना के 56 लाख 83 हजार हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन की राशि जारी की। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के 26 लाख हितग्राहियों को गैस रिफिल अनुदान के रूप में 30 करोड़ 83 लाख रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी की। मुख्यमंत्री ने पुष्प वर्षा करके लाड़ली बहना हितग्राहियों का सम्मान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने देश को भारत माता और धरती को भी माता कहते हैं हमारे देवताओं के नाम के आगे देवीओं के नाम रख कर गौरव दिया जाता है। हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को विकास के पूरे अवसर दिये जा रहें है। अबतक लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को 28 हजार करोड़ रूपये दिये जा चुके हैं। किसानों से हमने 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेंहू खरीदा तथा किसानों को किसान सम्मान निधि प्रदान कर रहें हैं। 2003 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 11200 रूपये थी जो 1 लाख 52 हजार रूपये हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपरेशन सिन्दूर में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने बता दिया कि सिन्दूर का महत्व क्या होता है। हमारी सेना के पराक्रम से पाकिस्तान की 4 दिन में ही कमर टूट गई। विन्ध्य के दो सपूतो थल सेना अध्यक्ष और जल सेना अध्यक्ष के साहस और पराक्रम ने विन्ध्य ही नहीं पूरे देश का मान बढ़ाया है। इन पर हमें गर्व है। आंतकवादियों ने कश्मीर पर असहाय पर्यटकों की हत्या की उन्हे हमने सही सबक सिखाया। हमें जो छेडता है हम उसे छोडते नहीं है। आपरेशन सिन्दूर की सफलता को प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाल कर सम्मान दिया जा रहा है।

समारोह में सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का विन्ध्य से गहरा नाता है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में लोकसभा की सभी सीटों पर हमने जीत हासिल की। समारोह में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने सीधी विधानसभा क्षेत्र को 112 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों की सौगात देकर इसके विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। मुख्यमंत्री जी के आर्शिवाद से सीधी का चौमुखी विकास होगा। विधायक सीधी ने जिला अस्पताल को एक हजार बेड का बनाने, डॉक्टरो की पदस्थापना, इन्जीनियरिंग तथा एग्रीकल्चर कॉलेज खोलने एवं सीधी में सीवरेज लाइन और स्पोर्ट कॉम्पलेक्स निर्माण की मांग रखी। उन्होने सेमरिया को नगर परिषद बनाने सीधी में रिंग रोड निर्माण, गौ अभ्यरण बनाने, सेमरिया तहसील भवन निर्माण तथा गोपालदास बाध रेस्टहाउस को रिसार्ट बनाने की मांग रखी।

सीधी पहुंचने पर मुख्यमंत्री जी का परम्परागत आदिवासी शैला एवं कर्मा लोकनृत्य से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागो की प्रदर्शनी का अवलोकन कर स्वयं लड्डू खरीदकर खाये। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने बोर्ड परीक्षा में मैरिट सूची मे आने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। समारोह में प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल, विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, पूर्व विधायक चुरहट श्री शरदेन्दु तिवारी, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री देव कुमार सिंह चौहान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री राजेश पाण्डेय, श्री के.के. पाण्डेय, श्री सुभाष सिंह, श्री इन्द्रशरण सिंह तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और हजारो आमजन उपस्थित रहें। समारोह में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री ने मझौली मे जनजातीय सम्मेलन में दी 68 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने धौहनी विधानसभा क्षेत्र के मझौली में जनजातीय सम्मेलन मे 68 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों की सौगात दी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा योजना अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों को 6831.39 लाख रुपये के विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री द्वारा 6124.8 लाख रूपये लागत के 37 विकास कार्यो का शिलान्यास एवं 706.59 लाख रूपये लागत के 6 विकास कार्यो का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में 2866.91 लाख रूपये लागत के म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 8 विकास कार्यो का, 1594.86 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन के 2 विकास कार्यों का, 1256.09 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन/सड़क के 4 विकास कार्यो का, 315.64 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्राम पंचायत) के 19 विकास कार्यो का, 26.30 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा.यां.सेवा सीधी) के 3 विकास कार्यों का एवं 65 लाख रूपये लागत के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के एक विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया। साथ ही 505.51 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन के 3 विकास कार्यों का, 9.97 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन/सड़के के एक विकास कार्य का एवं 191.11 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग(ग्रा.यां.सेवा सीधी) के 2 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (प्राधिकरण ग्राम सड़क योजना) अंतर्गत 1740.75 लाख रूपए लागत के वस्तुआ से बहेरवार रोड, 227.09 लाख रूपए लागत के अमरोला बंधाडोल रोड से हरई बैगान बस्ती, 452.11 लाख रूपए लागत के हैकी कोटा रोड से पंखोरा बैगान बस्ती वाया गिजोहर, 125.69 लाख रूपए लागत के खाम्ह गजरी रोड से पिपराडोल बैगा बस्ती, 88.91 लाख रूपए लागत के कपरौला रोड से बैगान बस्ती, 112.68 लाख रूपए लागत के बस्तुआ ढोलकी टोला चिंगवाह रोड से कंचनपुर बैगा बस्ती, 81.33 लाख रूपए लागत के बस्तुआ ढोलकी टोला चिंगवाह रोड से खरबर बैगान बस्ती, 37.85 लाख रूपए लागत के गजरी मेन रोड से बैगान बस्ती, लोक निर्माण विभाग भवन अंतर्गत 460.00 लाख रूपए लागत के जिला सीधी वि.ख कुसमी में शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि.कुसमी में 50 सीटर बालक एवं 50 सीटर बालिका छात्रावास निर्माण, 1134.86 लाख रूपए लागत के 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझौली जिला सीधी का 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल निर्माण, लोक निर्माण विभाग संभाग सीधी अंतर्गत 163 लाख रूपए लागत के गोतरा तिराहा से भगवान बिरसा मुण्डा कालोनी पहुंच मार्ग, 231 लाख रूपए लागत के जोवा सिंचाई विभाग बांध से डांगा प्रधानमंत्री सड़क तक पहुंच मार्ग, 507 लाख रूपए लागत के भदौरा से शंकरपुर श्री इन्द्रपाल शुक्ला के घर तक पहुंच मार्ग, 355 लाख रूपए लागत के देवरी कठहा टोला से देवरी से ठोंगा पहुंच मार्ग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अंतर्गत 65 लाख रूपए लागत के ग्राम देवमठ में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य मय सीएचओ आवास गृह एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। लोक निर्माण विभाग भवन अंतर्गत 211.17 लाख रूपए लागत के शा.उ.मा.वि. पोड़ी में 8 नग अतिरिक्त कक्ष की निर्माण, 220.47 लाख रूपए लागत के 50 सीटर आदिवासी जूनियर छात्रावास भवन निर्माण नौढ़िया, 73.87 लाख रूपए लागत के शा.हायर सेकेण्डरी कमछ में 3 नग प्रयोगशाला भवन तथा 2 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 87.33 लाख रूपए लागत के कोडमार व्ही.सी.डब्ल्यू बस्तुआ से पनखोरा मार्ग उन्नयन कार्य, 103.780 लाख रूपए लागत के कोडमार व्ही.सी.डब्ल्यू. बड़काडोल से दुबरी रोड का उन्नयन एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

## मुख्यमंत्री का सीधी पहुंचने पर किया गया आत्मीय स्वागत



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एक दिवसीय प्रवास पर दोपहर सीधी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सीधी मे आयोजित समारोह में लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को 24वीं किश्त जारी की। सीधी पहुंचने पर हेलीपैड में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग, सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हेलीपैड में मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया। सभा स्थल में परम्परागत आदिवासी शैला और कर्मा लोकनृत्य से मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया गया।

# मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

## मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में श्री अन्न के लड्डू का लिया स्वाद



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सीधी में आयोजित समारोह में लाड़ली बहना योजना की 1.27 करोड़ हितग्राहियों के बैंक खाते में 1551.89 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से जारी की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रदर्शनी में विभिन्न पोषण आहारों की जानकारी ली। तथा श्री अन्न से बने लड्डू खरीदकर उसका स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने महिला स्व सहायता समूहो द्वारा तैयार की जा रही सामग्रियों की प्रसंशा की। जिसमें महिला बाल विकास द्वारा विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन, म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीधी द्वारा महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न आजीविका उत्पाद, आर-सेटी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार उत्पाद, उद्यानिकी विभाग द्वारा फल एवं सब्जी का प्रदर्शन, वन विभाग सीधी द्वारा वन उत्पाद/वन समितियों द्वारा निर्मित उत्पाद, कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वास्थ्य विभाग, ट्रायबल विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सीधी द्वारा विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन का स्टाल लगाकर लोगो को जागरूक किया गया।

# पांच कराते खिलाड़ी कराते चैंपियनशिप में होंगे सम्मिलित

**सीधी।** मध्य प्रदेश स्टेट कराते सब जूनियर जूनियर कराते चैंपियनशिप 2025 का आयोजन मप्र कराते स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजन 16 एवं 17 मई 2025 को इंदौर के बास्केटबॉल इनडोर स्टेडियम न्यू पलासिया इन्दौर में कराते की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें सीधी जिले से मानस भवन के प्रांगण में कराटे विधा का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडियों में से पांच खिलाडियों का चयन किया गया है और यह सभी खिलाड़ी सचिव संध्या मिश्रा, बॉक्सिंग कराते कोच माखन मिश्रा के नेतृत्व में 15 जून को इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे। कराते की कुमिते फाइट के लिए चयनित खिलाडियों में विदित मिश्रा, आश्वी सिंह माझी, श्लोक तिवारी, गौतमी तिवारी एवं एकाक्षर तिवारी का चयन किया गया है। इन सभी खिलाडियों के चयन होने पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, कराते संघ के अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्रा, सीधी विधायक रीति पाठक, खेल युवा कल्याण विभाग भूपेश ठाकरे व योग्य सेन गुप्ता आर्मी रिटायर, श्रीमान पाण्डेय, खेल विभाग समन्वयक जयवीर सिंह व राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी अजय मिश्रा, राष्ट्रीय सीनियर खिलाड़ी विकाश शुक्ला व खेल विभाग मनिंद्र शेर अलीखान, सुभाष सिंह व रोहन सिंह, कोच प्रकाश प्रजापति, सुनील संजीव सोंधिया, मामून अंसारी, सूरज जायसवाल, रोशन जायसवाल, रवि मिश्र, राजेंद्र केवट, शिवांशु सिंह, जीतू सिंह, मुकेश मिश्रा, विष्णु सिंह सेंगर ने सभी खिलाडियों के चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मुख्यमंत्री ने आदिवासी सम्मेलन में धौहनी विधानसभा के लिए खोला सौगातों का पिटारा

## क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रहेगी: मुख्यमंत्री

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सीधी जिले के धौहनी विधानसभा क्षेत्र में मझौली में आयोजित विशाल जनजातीय सम्मेलन को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गरीब और आदिवासी भाइयों के विकास के लिए कृत संकल्पित है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने हर आदमी का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है। विन्ध्य से मेरा आत्मीय नाता है। इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं रहेगी। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने धौहनी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाणसागर बांध से मझौली सिंचाई योजना मंजूर की जाती है। मझौली में स्टेडियम तथा जनपद कार्यालय में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जायेगा। नगर परिषद मझौली में पुराने बस स्टैण्ड से नये बस स्टैण्ड तक सड़क का शीघ्र निर्माण किया जायेगा। मझौली के कला और वाणिज्य कॉलेज का उन्नयन होगा। मझौली, मड़वास तथा कुसमी में पोस्टमैट्रिक छात्रावास बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने समारोह में कुंदौर, कोटा, पिपराही, डेबा तथा धुपखेडा में अनुसूचित जनजाति छात्रावास बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरौली जिले के साजापानी से झारी तथा गढईगांव से भरसेडी तक सड़क का निर्माण होगा। परीक्षण के बाद निवास चौकी का थाने मे उन्नयन किया जायेगा। निवास में महाविद्यालय बनाया जाएगा। क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों का भी उन्नयन किया जायेगा। सीधी तथा सिंगरौली को मिलाकर बैगा विकास प्राधिकरण बनाया जायेगा।

# मुख्यमंत्री ने सीधी को दी 112 करोड़ 86 लाख के निर्माण कार्यों की सौगात दी

## मुख्यमंत्री ने 84 कार्यों का किया लोकार्पण तथा शिलान्यास



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सीधी में आयोजित विशाल समारोह में लाड़ली बहना योजना की 24वीं किस्त की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी की। समारोह में मुख्यमंत्री ने सीधी विधानसभा क्षेत्र को 112 करोड़ 86 लाख 91 हजार रूपये के निर्माण कार्यों की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने सीधी खुर्द में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 9346.48 लाख रूपये लागत के 63 विकास कार्यो का शिलान्यास तथा 1940.43 लाख रूपये लागत के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में 2119.52 लाख रूपये लागत के म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 16 कार्यो का, 4963 लाख रूपये लागत के नगरीय प्रशासन एवं विकास संभाग के 9 कार्यों का, 598.61 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन के 3 कार्यो का, 1260.82 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन/सड़क के 3 कार्यो का, 83.10 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्राम पंचायत) के 6 कार्यो का, 246.23 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्राम पंचायत) के 20 कार्यों का एवं 75.20 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा.यां.सेवा सीधी) के 6 कार्यों का शिलान्यास किया। इसी प्रकार 1527.06 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन के 6 विकास कार्यो का, 69.50 लाख रूपये लागत के लोक निर्माण विभाग भवन/सड़क के 7 विकास कार्यो का, 33.41 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्राम पंचायत) के 1 विकास कार्यों का तथा 310.46 लाख रूपये लागत के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा.यां.सेवा सीधी) के 7 कार्यों का लोकार्पण किया।

म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (प्राधिकरण ग्राम सड़क योजना) अंतर्गत 123 लाख रूपये लागत के छ्वारी मिडिल स्कूल से भुशिय टोला पहुंच मार्ग, 132.61 लाख रूपये लागत के करहिया चौराहा से करहिया बैगान बस्ती तक, 189.04 लाख रूपये लागत के ग्राम पंचायत भवन सरेठी साई खंधोटोला पहुंच मार्ग, 210.85 लाख रूपये लागत के सीधी ब्यौहारी रोड से चिरकुंडा टोला पहुंच मार्ग, 114.27 लाख रूपये लागत के सीधी ब्यौहारी रोड से बैगा बस्ती चौफाल पवई मार्ग, 113.89 लाख रूपये लागत के बोदाराहा प्राईमरी स्कूल से चितहिया तक, 138.79 लाख रूपये लागत के सिरसी हनुमान मंदिर से खुदु टोला, 186.95 लाख रूपये लागत के मेन रोड पडरी से कुआ खोली तक पहुंच मार्ग, 176.16 लाख रूपये लागत के मायापुर खुटेली लौर रोड से ओदरा बैगा बस्ती तक एवं 297.51 लाख रूपये लागत के खुटेली बलियार से आमरहवा टोला तक पहुंच मार्ग का शिलान्यास किया।

इसी प्रकार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अंतर्गत 700 लाख रूपये लागत के आडिटोरियम निर्माण कार्य, नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत 1639 लाख रूपये लागत के अमृत 2.0 योजनान्तर्गत सीधी शहरी के जल प्रदाय योजना का विस्तार एवं संवर्धन कार्य, 127 लाख रूपये लागत के ग्राम जोरौधा सीधी में नवीन था फल एवं सब्जी मंडी निर्माण, 1509 लाख रूपये लागत के स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत उपयोगित जल प्रबंधन परियोजना के क्रियान्वयन कार्य, 700 लाख रूपये लागत के पुराने बस स्टैण्ड को पूरी तरह नये बस स्टैण्ड में स्थानांतरित करने पुराने बस स्टैण्ड को विराकर नवीन कमर्शियल शापिंग काम्पलेक्स में तब्दील किया जाना, एवं 150 लाख रूपये लागत के शहर में विद्यार्थियों के लिये डिजिटल लाईब्रेरी एवं बच्चों को पढने के लिये 06 हाल का निर्माण, लोक निर्माण विभाग भवन अंतर्गत 123.2 लाख रूपये लागत के सीधी मे शासकीय एचएसएस बघोर का निर्माण कार्य, 51 लाख रूपये लागत के सीधी में एमएस डिहुली का निर्माण कार्य एवं सीधी सिंगरौली मार्ग पर विभिन्न प्रकार के भवनों का निर्माण, लोक निर्माण विभाग संभाग सीधी अंतर्गत 380 लाख रूपये लागत के सीधी सिंगरौली एन.एच. 39 ग्राम हड़बड़ो से बिसैधा बांध पहुंच मार्ग का निर्माण, 181 लाख रूपये लागत के बघऊ से अमिलिया मार्ग एवं 700 लाख रूपये लागत के हटवा खास मार्ग से दादर एवं पटिया टोला से खोरबा तक मार्ग निर्माण के साथ अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया।

## संपादकीय

### वर्ल्ड बैंक के पैसे से आतंकवाद को पाल पोस रहा पाकिस्तान

पाकिस्तान विगत तीन दशकों से भी अधिक समय से कर्ज के नाम पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थाओं से अरबों रुपए की राशि ले चुका है। बावजूद इसके न तो इस उसकी सूरत बदली न सीरत। आखिर इतनी बड़ी राशि कहां जाती है, यह किसी को नहीं मालूम। दूसरी ओर, आतंकवाद जैसी वैश्विक समस्या और उसके वित्त पोषण को लेकर उसका रवैया हमेशा ही संदिग्ध रहा है। विडंबना यह है कि जिस समय पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव की स्थिति बनी थी, वैसे समय में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को करीब बारह हजार करोड़ रुपए का नया ऋण दे दिया। इस नाजुक समय में आइएमएफ के इस फैसले पर भारत ने स्वाभाविक ही चिंता जताते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद फैलाने के लिए करता है। पाकिस्तान में कृषि से लेकर अर्थव्यवस्था तक चौपट हो चुकी है। विकास की रोशनी दिखाई नहीं देती। एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक से भी कर्ज लेने के बावजूद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था सुस्त है। तब मुद्रा कोष को क्यों नहीं यह सवाल करना चाहिए कि उसका दिया पैसा आखिर किस मद में जाता है? यह जगजाहिर है कि पाकिस्तान विकास की राह पर चलने के बजाय अपना सैन्य खर्च लगातार बढ़ा रहा है। वहीं उसने सीमापार आतंकवाद फैलाने और अपने यहां आतंकवादियों को पालने-पोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मिलने वाले कर्ज की कोई कसौटी नहीं है। इसकी क्या गारंटी है कि मुद्रा कोष से मिली राशि का उपयोग पाकिस्तान अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने और आतंकवादियों को संरक्षण देने में नहीं करेगा। हैरत की बात है कि पाकिस्तान को न तो अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की चिंता है और न ही बच्चों की शिक्षा की फिक्र।

**भारत-पाकिस्तान के बीच अकस्मात भड़के युद्ध और उसके बाद भारत द्वारा अप्रत्याशित ढंग से पाकिस्तान की, की गई ठुकाई के बीच अमेरिकी दबाव या सद्भावना वश किए गए युद्ध विराम यानी सीजफायर के अपने-अपने मायने निकाले जा रहे हैं। इस बात को लेकर भले ही भारतीयों में नाराजगी है, लेकिन भारत सरकार के इस सूझबूझ भरे फैसले से दोतरफा बर्बादी का मंजर टल गया है। हालांकि मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही सीजफायर समझौता हो गया हो, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी और निकट भविष्य में इसके किसी भी स्वरूप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।**

# भारत की जीत के कुछ शानदार मायने क्या-क्या निकलते हैं?

(कमलेश पांडे)

मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही सीजफायर समझौता हो गया हो, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी और निकट भविष्य में इसके किसी भी स्वरूप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

भारत-पाकिस्तान के बीच अकस्मात भड़के युद्ध और उसके बाद भारत द्वारा अप्रत्याशित ढंग से पाकिस्तान की, की गई ठुकाई के बीच अमेरिकी दबाव या सद्भावना वश किए गए युद्ध विराम यानी सीजफायर के अपने-अपने मायने निकाले जा रहे हैं। इस बात को लेकर भले ही भारतीयों में नाराजगी है, लेकिन भारत सरकार के इस सूझबूझ भरे फैसले से दोतरफा बर्बादी का मंजर टल गया है। हालांकि मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही सीजफायर समझौता हो गया हो, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी और निकट भविष्य में इसके किसी भी स्वरूप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। यदि कोई भारतीयों पर गोली दागेगा तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। यह आदेश भारत सरकार ने अपनी सेना और अर्द्धसैनिक बलों को दे दिया है।

वहीं, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि युद्ध विराम के समझौते तक भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये काफी कुछ महत्वपूर्ण दृष्टिकोण हासिल किया, जो उसके भविष्य में काम आएगी। मेरा स्पष्ट विचार है कि आप चाहे मोदी प्रशासन और ट्रंफ प्रशासन के ऊपर जितने भी आरोप लगा लें, लेकिन इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि भारत की तरह ही अब अमेरिका भी युद्ध नहीं विकास पर फोकस करना चाहता है ताकि चीन की अंतरराष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं पर काबू किया जा सके। इन नजरिये से भारत उसका महत्वपूर्ण सहयोगी है।

यही वजह है कि भारत के आक्रामक रवैये को देखकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत सरकार को आगाह किया कि यह दौर समझदारी से काम करने का है। क्योंकि से चीन तो भारत को भी रूस बनाना चाहता है और पाकिस्तान को यूक्रेन की तरह पिटवाना चाहता है। क्योंकि वह स्वयं तो युद्ध नहीं लड़ेगा लेकिन दोनों पड़ोसी देशों को आपस में उलझाकर रखेगा, ताकि भविष्य में ये उसे चुनौती देने लायक नहीं बचें। चूंकि डोनाल्ड ट्रम्प भारत को अपना भविष्य का सहयोगी मानता है और चीन के मजबूत विकल्प के रूप में देखता आया है, इसलिए ट्रम्प प्रशासन ने पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाकर इतना सक्रिय सहयोग किया।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि कोई भी देश युद्ध में नहीं फंसना चाहता है, खासकर भारत भी नहीं, लेकिन हमारा दुष्ट पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान दुनिया का एक मात्र देश है जहाँ सेना देश के लिए नहीं बनी है बल्कि देश सेना के लिए बना है, ताकि आतंकवाद के फैक्ट्री के रूप में पाकिस्तान का इस्तेमाल होता रहे। ऐसे में चीन निश्चित ही पाकिस्तान को अपने प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल करके भारत को लंबे युद्ध में धकेलने के प्रयास में बना हुआ था, जिसे अमेरिका ने विफल कर दिया।



ऐसा इसलिए संभव हुआ, क्योंकि अमेरिका तो पाकिस्तान का पुराना सहयोगी है, जिसपर अब चीन अपना शिकंजा कसना चाहता है। मैंने पूर्व में भी कई बार लिखा है कि पहलगाम सांप्रदायिक आतंकी हमला सिर्फ पाकिस्तान की अकेले की साज़िश नहीं है, बल्कि यह चीन ने पाकिस्तान से करवाया है टैरिफ़ वार के अमेरिकी प्रकोप से बचने के लिए, ताकि भारत, पाकिस्तान से युद्ध करे और वे अमेरिकी कंपनियां जिन्हें ट्रम्प सरकार चीन से भारत शिफ्ट कराना चाहते हैं, वह डर जायें और चीन में ही बनी रहें।

हालांकि, पाकिस्तान तब खुलकर नंगा हो गया जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने अपने एक साक्षात्कार में स्वीकार कर लिया कि पाकिस्तान यूरोप और अमेरिका के कहने पर आतंकवाद को समर्थन देता आया है। दरअसल, इसके पीछे पाकिस्तान की चाल यह थी कि वह किसी भी तरह से चीन से ध्यान डाइवर्ट करना चाहता था और उसने बढ़ते आतंकवाद के लिए यूरोप और अमेरिका को आगे कर दिया। जो एक हद तक सही भी है, लेकिन हाल के संदर्भ में यह नीति भारत को लेकर बदल गई महसूस होती है।

यही वजह है कि भारत में लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखि़र हमें इस युद्ध से क्या मिला? जबकि इस्लामिक आतंकवादियों ने हिंदुओं का नाम पूछ-पूछ कर मारा, मोदी को संदेश पहुंचाने तक को कहा, लेकिन हमने क्या किया?

इसलिए अब यक्ष प्रश्न यह है कि पहले आप क्या कर रहे थे? शायद पहले हमलोग उन आतंकियों को खोजते थे जो घटना में शामिल होते थे और उनको न्यूट्रलाइज करते थे, पर फिर से आतंकियों की नई खेप तैयार हो जाती थी।

ऐसा इसलिए कि गरीब और मूर्ख मुसलमान बच्चा पैदा करने की फैक्ट्री हैं और आतंकियों के आका उनके बच्चों को बुलाकर मदरसे में दस साल तक ब्रेन वाश करके जितना आप मारते थे, उससे अधिक आतंकी खेप फिर से तैयार कर देते थे। लेकिन संभवतया अपने लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार भारत ने उन ठिकानों, उन लोगों और उन स्थानों को भी समाप्त किया है जहाँ से ये रक्तबीज राक्षस निकलते रहते हैं। पहली बार पीओके के अलावा पाकिस्तान के अंदर घुसकर ठुकाई की गई, जिससे पाकिस्तान दहशतजदा हो गया। शायद पहली बार पाकिस्तान के घर में घुसकर वैसे ही उन निर्दोष बच्चों और उनके आकाओं का वध किया गया, जैसे उन्होंने कि अपने ब्रेन वाश से जांबाजी पूर्वक हमारे निर्दोष बहनों की माँग का सिंदूर उजाड़ दिया और उनके बच्चों को अनाथ किया। सवाल है कि आखिर कब आपने सुना था कि कोई दुनिया का दुर्दांत आतंकी कह रहा है कि अच्छा होता कि मैं मर जाता। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर की आक्रामकता के बाद पहली बार ये सुकूनदायक शब्द भारतीयों को सुनने को मिले, जो बहुत बड़ी बात है। देखा जाए तो इस बार भारत ने पाकिस्तान सहित आतंकी दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि मैं अब आतंकवाद की नाभी पर हमला करूँगा और आतंकियों के बजाय आतंक की फैक्ट्री, उसके खा़नदान समेत उजाड़ी जाएगी। जबकि यह ठिकाने केवल पीओके के ठिकाने नहीं थे, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय सीमा से दूर पाकिस्तान के सबसे सुरक्षित क्षेत्रों में बने हुए आतंकी ठिकाने थे।

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंक का सफाया, नास्तिकता का प्रतीक है आतंकवाद

(डॉ. शंकर सुवन सिंह)

ऑपरेशन सिंदूर में कई आतंकवादी संगठन जैसे जैश, लश्कर, के आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इन सभी मारे गए आतंकवादियों को पकिस्तान की सेना ने गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे विश्व में सन्देश जाता है कि पाकिस्तान की पूरी सेना ही आतंकवादी की भूमिका में है।

भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर के तहत आतंक के गढ़ में आतंक को मार गिराया है। ऑपरेशन सिंदूर से कई आतकवादियों का सफाया हुआ है। पाक ने हिन्दुस्तानियों का सुहाग बिगाड़ा तो भारत ने आतंक का संसार ही उखाड़ दिया है। पाकिस्तान, हिन्दुस्तानियों से भविष्य में भय खाएगा और कोई भी घटना को अंजाम देने से पहले अपनी मौत को दावत देगा। पकिस्तान आतंकिस्तान है। पकिस्तान की सेना और आतंकवादी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। ये दोनों इस युद्ध में बराबर की सहभागिता निभा रहे हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी वहां की सेना का ही एक हिस्सा है जिसे आई एस आई आदि संगठन के नाम से जाना जाता है। पाकिस्तान का नाम आतंकिस्तान होना चाहिए। अब समय आ गया है की पूरे पकिस्तान को ध्वस्त कर विश्व में अमन और चैन स्थापित किया जाए।

ऑपरेशन सिंदूर में कई आतंकवादी संगठन जैसे जैश, लश्कर, के आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इन सभी मारे गए आतंकवादियों को पकिस्तान की सेना ने गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे विश्व में सन्देश जाता है कि पाकिस्तान की पूरी सेना ही आतंकवादी की भूमिका में है। विश्व में स्थायी भविष्य की शान्ति के लिए पाकिस्तान को नेस्तानाबूत ही करना पड़ेगा। ऑपरेशन सिन्दूर कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल 2025 को मारे गए 26 भारतीयों का बदला है । हिन्दुस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर से विश्व को आतंक के खिलाफ चेतावनी दे दी है। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान की लगभग सभी एयरबेस ध्वस्त हो चुकी हैं। हिन्दुस्तान आतंक की कमर तोड़ रहा है न की नागरिकों की । भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर ने पाकिस्तान के होश उड़ा दिए हैं। अब कंगाली की दहलीज पर पंहुच चुके पाकिस्तान को अपने रक्षा बजट को 18 फीसदी तक बढ़ाना पड़ा है। पहले से महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान को भविष्य में बर्बादी का मंजर देखना पड़ेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक कोई बड़ी बात नहीं कि हम जल्द ही पाकिस्तान को टूटते हुए भी देखें। आतंक के आकाओं को समझ लेना चाहिए की अब उनका स्थान पृथ्वी पर न होकर जह्नुम है जहां उनको उनके अनुसार हूर की परियां मिलेंगी। हिन्दुस्तान की सशक्त महिलाएं विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाकर नारीशक्ति की मिसाल को कायम किया है। इनके जज्बे को मेरा सलाम है। आज कुंठित देश आतंकवाद का सहारा लेता है या गलत नीतियों और सिद्धातों का सहारा लेता है। इसलिए जो देश कभी एक हुआ करते थे वो आज एक दूसरे के दुश्मन बने हुए हैं। आतंकवाद एक विशेष धर्म में ही क्यों पनपा? ये बड़ा प्रश्न है। लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, पर मेरा मानना है की आतंकवाद है और आतंक के आकाओं का धर्म मुस्लिम है। इन्हे मुस्लिम आतंकी कहने में कोई हर्ज़ नहीं है। ये सारेआतंकी पाकिस्तान जैसे मुस्लिम देश में ही क्यों पल रहे हैं? ये आतंकी नमाज भी पढ़ते हैं, मस्जिद भी जाते हैं और मुस्लिम देश में शरण भी लेते हैं तो ये मुस्लिम ही तो हुए। इन आतंक के आकाओं की कमर तोड़ दी जाएगी और भविष्य में ये अपनी जड़ को कमजोर होते देखेंगे। विश्व के सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों को आतंकियों को सबक सिखाना पड़ेगा वरना ये आतंकी मुस्लिम, पूरे मुस्लिम समुदाय को बर्बाद कर देंगे। ये आतंकी, मुस्लिम समुदाय के लिए दीमक का काम कर रहे हैं। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला मुस्लिम देश पाकिस्तान खुद एक दिन अपनी बर्बादी की कहानी लिखेगा।




वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो एक अपना हिन्दुस्तान का मुसलमान है जो राष्ट्र प्रथम और राष्ट्र सर्वोपरि की अभिधारणा पर चलता है। ये भारत के मुस्लिम क्या मुस्लिम नहीं हैं जिनमे प्रेम और सद्भाव कूट कूट के भरा है। कहने का तात्पर्य यह है की कोई देश चाहे तो वो अपने नागरिको को आतंकवादी बना दे या अपने नागरिकों को देवतुल्य बना दे। सारा खेल नागरिकता और वहां की संस्कृति का है। जिस देश की संस्कृति और सभ्यता जैसी होती है वैसे ही वहां का नागरिक भी बन जाता है। कहने का तात्पर्य धर्म से बढ़कर पहले राष्ट्र है। स्वतः के साथ प्रतिस्पर्धा स्व को निर्मित करती है, साथ ही साथ समाज और राष्ट्र को मजबूत करती है। व्यक्ति,समाज और राष्ट्र सभी की प्रतिस्पर्धा स्वयं से होनी चाहिए। प्रकृति, दूसरों से प्रतिस्पर्धा की अनुमति नहीं देती है। प्रकृति हमेशा स्व से जुड़ने की ओर प्रेरित करती है। स्व से जुड़ना ही असली प्रतिस्पर्धा है। एक सफल राष्ट्र की प्रतिस्पर्धा स्वतः से होती है। जैसे बेरोजगारी, महंगाई, खाद्यान, मेडिकल, शिक्षा आदि को लेकर प्रतिस्पर्धा। कहने का तात्पर्य एक सफल राष्ट्र की प्रतिस्पर्धा स्वयं के दृष्टिकोण से होती है जो भारत में है। युद्ध आतंक के सफाए के लिए जरुरी है। आतंक का सफाया विश्व में शांति ले कर आएगा। शांति, विकास का कारण बनती है।

आतंक के खिलाफ युद्ध वैश्विक शांति का कारक है। कहने का तात्पर्य यह है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान से जब आतंक का सफया होगा तभी शांति कायम होगी।

## वर्ग पहेली 5732

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | ■ | 9 | |
| ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | 13 | | ■ |
| 14 | | | 15 | ■ | | ■ | 16 |
| ■ | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | ■ | 21 | | | | ■ |
| 22 | | 23 | | ■ | ■ | ■ | 24 |
| ■ | 25 | | | | ■ | 26 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस देश में स्थित तांबे की विश्व कीसबसे बड़ी खान है (2)
3. पक्षी विहार के लिए प्रसिद्ध यह स्थान राजस्थान में स्थित है (5)
7. वृक्ष का वह भाग जिसमें डालियां नहीं होती (2)
8. अलक, जुल्फ (2)
9. बटन का घर, कारण (2)
10. चंद्रमा का अपभ्रंश (2)
12. अद्भुत, अनोखा, विचित्र (3)
14. दुश्मनी, बैर, शत्रुता (4)
17. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
18. ग्रेटर एंटीलीज पर स्थित एक द्वीप राष्ट्र है जिसकी राजधानी किंग्सटन है (3)
20. उतना भोजन जितना एक बार मुंह में डाला जाए, निवाला (2)
21. बदलवाना, बदले का काम दूसरे से कराना (4)
22. अभिपाया, मतलब (4)
25. प्रस्थान होने की क्रिया, प्रयाण, गमन (4)
26. एक पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था, चंद्रमा का एक नाम (2)

**ऊपर से नीचे**

1. धराशायी, उत्तान, अपृष्ठाशायी (2)
2. किशोर कुमार की अभिनेत्री पत्नी (8)
3. कल्याणकारी, सज्जन, छलहीन (2)
4. आमोद यात्रा करना, तल्लीन होना (3)
5. बुलावा, नसीम-चंद्रमोहन सोहराब मोदी की हिट फिल्म (3)
6. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
11. न्योता, निमंत्रण (3)
13. किसी के चित्त या मन का कष्ट पहुंचा हो (4)
15. यह गोविंदा अभिनीत पहली फिल्म थी (5)
16. ख्याति, नगाड़ा, धौंसा (2)
19. काले रंग की प्रसिद्ध चिड़िया (2)
20. जाति, वर्ण, नसल, वंश, समाज (2)
23. एक में चौथाई ओर जोड़कर (2)
24. इटली का यह शहर सात पहाड़ियों का नगर कहलाता है, देह के बाल, रोआं (2)

### वर्ग पहेली 5731 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दु | ब | ई | ■ | अ | मे | रि | का |
| का | ल | का | ■ | ब | ल | वा | न |
| न | ■ | रां | झा | ■ | ■ | ज | न |
| दा | व | त | ■ | ज | स्ता | ■ | दे |
| र | न | ■ | का | का | ■ | ले | ना |
| ■ | स्प | र्श | क | र्ता | ■ | न | ■ |
| र | ति | ■ | पि | ■ | खु | दा | या |
| थ | ■ | प | ट | ना | ■ | र | म |

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

(योगेश कुमार गोयल)

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी आज हम 205वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को ही 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन करियर में पुराने सहयोगियों की मदद से उन्नति लाने वाला रहेगा। आप अपने आत्मबल और रणनीतिक सोच से कठिन स्थितियों को संभाल लेंगे और अपने कारोबार में तरक्की करेंगे। व्यापार में लाभ की संभावना है, लेकिन कोई बड़ा निर्णय लेने से पहले सलाह अवश्य लें।

### वृष

आज हर कार्य में सावधानी बरतने की सलाह है। आपको जायदाद या संपत्ति से जुड़े मामलों में सावधानी बरतनी होगी, खासकर कानूनी दस्तावेजों में। किसी महत्वपूर्ण सौदे में असमंजस की स्थिति बनेगी, बेहतर होगा कि अभी कोई बड़ा फैसला टाल दें। नौकरी में उच्च अधिकारियों का दबाव रह सकता है।

### मिथुन

आज दिन असमंजस से भरा रहने वाला है। कारोबार में पूंजी की कमी खल सकती है, लेकिन लोन लेने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई पुराना कर्ज भी धीरे-धीरे चुकता होने लगेगा जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

### कर्क

आज दिन करियर और कारोबार के मामले में लाभ से भरा होगा। ग्रहों की अनुकूलता से आपको करियर में स्थिरता मिलेगी। साझेदारी में किया गया कार्य लाभदायक रहेगा। व्यापारियों को नए ग्राहक और ऑर्डर मिलने के संकेत हैं।

### सिंह

आज दिन करियर के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रहेगा लेकिन आपकी सूझबूझ से स्थिति नियंत्रण में रहेगी। उच्च अधिकारी से अनबन से बचें वरना यह आपकी छवि को प्रभावित कर सकता है। नौकरी बदलने की सोच रहे हैं तो थोड़ा और इंतजार करें, जल्द ही अच्छा अवसर मिलेगा।

### कन्या

आज धन सम्?मान के मामले में जबर्दस्?त लाभ होगा। पुराने शत्रुओं से छुटकारा मिलेगा और करियर में राहत की सांस लेंगे। काम में एकाग्रता बढ़ेगी जिससे समय पर लक्ष्य पूरे कर पाएंगे। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

### तुला

आज लाभ का दिन है। करियर में विशेष उपलब्धियों के संकेत हैं। व्यापार में नई योजनाओं की शुरुआत करने का समय है जो भविष्य में लाभप्रद सिद्ध होंगी। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या किसी नए प्रॉजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। विशेष रूप से यदि आप बैंकिंग, शिक्षा, क़ानून या प्रशासनिक क्षेत्र में हैं।

### वृश्चिक

आज दिन उन्?नति से भरा होगा। कोई वरिष्ठ अधिकारी या प्रभावशाली व्यक्ति आपके करियर को नई दिशा दे सकता है। विशेषकर वे लोग जो मीडिया, लेखन, राजनीति या पुलिस सेवा से जुड़े हैं। व्यापार में कोई नया निवेश लाभ देगा लेकिन बड़े निर्णयों में धैर्य रखें।

### धनु

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपकी मेहनत रंग लाएगी और धन लाभ के अच्छे संकेत हैं। नौकरी में तरक्की के द्वार खुल सकते हैं, खासकर जिनकी प्रोफाइल में नेतृत्व की भूमिका है। कोई बड़ा क्लाइंट मिल सकता है जिससे व्यापार में स्थायित्व आएगा। किसी डील में लाभ होगा।

### मकर

आज करियर के मामले में धन लाभ होगा। धन संबंधी मामलों में विशेष सतर्कता बरतें, किसी धोखाधड़ी की आशंका है। करियर में कुछ झंझटों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन आपकी कूटनीति काम आएगी। ऑफिस में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, शांत रहकर काम करें।

### कुंभ

आज दिन अनुकूल है। आपको पुराने अटके हुए कार्य पूरे होने से राहत मिलेगी। आर्थिक रूप से दिन ठीक रहेगा लेकिन निवेश में जोखिम न लें। सरकारी नौकरी वालों के लिए पदोन्नति या नई जिम्?मेदारी मिलने के संकेत हैं। व्यवसाय में नया अनुबंध मिल सकता है जिससे आय में वृद्धि होगी।

### मीन

आज लाभ होगा। धन और करियर दोनों क्षेत्रों में सकारात्मकता बनी रहेगी। नौकरी में प्रशंसा और तरक्की के संकेत हैं। कोई पुराना भुगतान प्राप्त हो सकता है जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यापार में नए सौदे या पार्टनरशिप की संभावना है। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता के चलते खर्च बढ़ सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजनौर में दो सहेलियां शादी करने के लिए जिद पर अड़ी, अनुमति लेने पहुंची थान



बिजनौर, एजेंसी। यूपी के बिजनौर में दो सहेलियां शादी करने के लिए जिद पर अड़ गईं। उनके घर वाले नहीं माने तो घर से भाग गईं और पुलिस के पास अनुमति लेने पहुंची। वहीं, एक लड़की की मां ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। मामला बिजनौर के अफजलगढ़ का है। दो सहेलियां साथ रहने के लिए घर छोड़कर चली गईं। तीन दिन पहले दोनो सहेलियां थाने पहुंची थी और शादी करने की अनुमति मांगी थी। बालिग होने के चलते दोनों को पुलिस ने नहीं रोका था। अब एक युवती की मां ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। अफजलगढ़ थाने के गांव निवासी महिला के पति की काफी पहले मौत हो गई थी। उसकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी को बेटे की तरह पाला। जिसके चलते लड़की का रहन सहन लड़कों की तरह हो गया। युवती ने घर चलाने के लिए पेट्रोल पंप पर काम किया। यहां तक कि ई-रिक्शा चलाकर मां और बहन की जिम्मेदारी उठाई। इस दौरान युवती का प्रेम प्रसंग अपनी सहेली के साथ हो गया। दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाईं। तीन दिन पूर्व दोनों सहेलियां अफजलगढ़ थाने पहुंच गई और शादी करने की अनुमति मांगी। दोनों लड़कियों के बालिग होने के चलते पुलिस ने दोनों को साथ जाने से नहीं रोका। दोनों लिव इन में रह रही हैं। अब युवती की मां ने अफजलगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। एसओ अफजलगढ़ सुमित राठी ने मामले की जानकारी होने से इंकार किया है। मां ने गुमशुदगी की तहरीर दी है जिसके आधार पर पुलिस जांच करेगी। हालांकि लड़कियों का कहना है कि वो एक-दूसरे से प्यार करती हैं और शादी करना चाहती हैं इसलिए दोनों साथ रह रही है। दोनों के घर वालों ने इससे इनकार किया है।

### मथुरा जेल में आईपीएल की तर्ज पर बंदियों के बीच हुई क्रिकेट चैंपियन लीग, नाइट राइडर्स बना विजेता



मथुरा , एजेंसी। बंदियों को शारीरिक स्वास्थ्य बनाने और मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने के लिए मथुरा जेल में कैदियों के बीच आईपीएल की तर्ज पर जेल प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में बंदियों की 8 टीम बनाई गई। जिनके बीच 12 लीग मैच हुए। बुधवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल में रोचक मुकाबले के बीच नाइट राइडर्स ने कैपिटल को हराकर विजेता बना। मथुरा जिला कारागार में अप्रैल माह में क्रिकेट चैंपियंस लीग प्रतियोगिता में शुरू हुई थी। लीग में कारागार की विभिन्न बैरकों की कुल आठ टीमें बनाई गई हैं। इसमें ग्रुप ए और बी में 4-4 टीम बनाई गईं। कुल 12 लीग मैच और दो सेमीफाइनल मैच हुए। उद्घाटन मैच टाइटंस टीम और रॉयल्स टीम के बीच खेला गया था। दोनों में रोचक मुकाबला हुआ था। टाइटंस टीम ने रॉयल्स टीम को हराकर बाजी मारी थी। लीग और सेमीफाइनल के बाद बुधवार को नाइट राइडर्स और कैपिटल टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। जेल अधीक्षक ने टॉस उछाल कर किया। रोचक मुकबले में नाइट राइडर्स ने कैपिटल टीम को हराकर विजेता बन गया है। विजेता टीम नाइट राइडर्स को ट्रॉफी, मेडल टी शर्ट, कैप आदि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई।

### बलरामपुर में भीषण सड़क हादसा, 2 सगे भाइयों समेत 5 बारातियों की दर्दनाक मौत, 7 घायल

बलरामपुर , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिलें में भीषण सड़क हादसा हो गया है। श्रावस्ती के वीरपुर भुलैया गांव से शादी समारोह से लौट रहे बारातियों की अर्टिगा कार को बहराइच मार्ग पर चकवा के पास ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें सवार 12 में से पांच की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घायलों का इलाज जिला मेमोरियल अस्पताल में चल रहा है। हादसे में मरने वाले गोंडा जिले के रहने वाले है। दुर्घटना रात दो बजे की बताई जा रही है। मौके पर पुलिस ने घरवालों को सूचना दे दी है। गोंडा जिले के इटियाथोक थाना के मध्यनगर गांव निवासी राम सेवक के बेटे बब्बीराज की बारात श्रावस्ती के भुलैया गांव गई थी। शादी समारोह में शामिल होने के बाद अर्टिगा कार से 12 लोग देर रात इटियाथोक के लिए निकले थे। रास्ते में चकवा गांव के पास कार को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। कार चालक इलाहाबाद निवासी 26 वर्षीय अभय कुमार पुत्र सूर्यबली आर्या, धानेपुर गोंडा के 30 वर्षीय फूल बाबू पुत्र मोहन लाल, 25 वर्षीय जीवन पुत्र विनोद कुमार, आठ वर्षीय आदित्य पुत्र विनोद कुमार दोनों सगे भाई हैं व धानेपुर के रहने वाले हैं व इटियाथोक निवासी 45 वर्षीय विजय कुमार पुत्र बच्चा लाल की मौत हो गई।

# ऑपरेशन सिंदूर के बीच रेलवे का ऐतिहासिक कदम, जवानों को लेकर कश्मीर पहुंची पहली ट्रायल ट्रेन



कटरा, एजेंसी। भारतीय रेलवे ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में रणनीतिक रूप से बेहद अहम कटरा-काजीगुंड सेक्शन पर पहली ट्रायल स्पेशल ट्रेन सफलतापूर्वक चलाई। खास बात ये है कि इस ट्रेन में केवल सैनिक सवार थे। ये जवान छुट्टी पर थे और उड़ानों के रद्द होने के चलते फंसे हुए थे। इस खंड में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज को भी शामिल किया गया है। यह कदम सरकार की उस व्यापक योजना का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। भारत-पाक तनाव के बावजूद, कश्मीर को शेष भारत से रेल के जरिए जोड़ने की योजना निर्बाध रूप से आगे बढ़ रही है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** टाइम्स ऑफ इंडिया ने रेलवे सूत्रों के हवाले से लिखा है कि यह विशेष ट्रेन सुबह करीब 10 बजे कटरा से रवाना हुई और शाम 6 बजे वापस लौटी। पूरे सफर के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ट्रेन का यह सफर इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि यह सेक्शन भारत के सबसे कठिन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स में से एक चिनाब ब्रिज को भी पार करता है।

इस ट्रायल रन को ऑपरेशन सिंदूर और मौजूदा भारत-पाक संघर्ष की पृष्ठभूमि में और भी अधिक अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सेक्शन का उद्घाटन पिछले महीने करने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण कार्यक्रम टाल दिया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि, फिलहाल यह ट्रायल केवल कटरा से काजीगुंड तक किया गया। काजीगुंड से बारामूला तक सामान्य ट्रेन सेवाएं पहले से ही जारी हैं। काजीगुंड को कश्मीर का प्रवेशद्वार भी कहा जाता है। यह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पड़ता है।

**पहले ही हो चुका है वंदे भारत ट्रेनों का परीक्षण :** गौरतलब है कि इससे पहले रेलवे ने कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेनों का परीक्षण किया था, लेकिन उन ट्रेनों में कोई यात्री सवार नहीं थे। बुधवार का यह ट्रायल रन इस मायने में भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पहली बार है जब किसी ट्रेन ने सैनिकों को लेकर इस सेक्शन को पार किया। अब तक जम्मू-कश्मीर की मुख्य भूमि से संपर्क का एकमात्र साधन राष्ट्रीय राजमार्ग था, जो कई बार खराब मौसम, बर्फबारी या भूस्खलन की वजह से बाधित हो जाता था। ऐसे में इस रेलमार्ग से जुड़े इस नए प्रयास को क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स और सेना की तेज आवाजाही के लिहाज से गेम चेंजर माना जा रहा है।

**यह क्या दर्शाता है ये ट्रायल रन :** सरकार कश्मीर को रेल नेटवर्क से जोड़ने के मिशन पर डटी हुई है, चाहे हालात कितने भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों। यह सेक्शन न केवल सेना के लिए, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक वैकल्पिक और तेज़ संपर्क साधन बन सकता है। सामरिक दृष्टि से यह रेल मार्ग देश की सुरक्षा नीति में एक नई दिशा का संकेत देता है। इस सफलता के बाद अब पूरे देश की निगाहें उस दिन पर टिकी हैं जब प्रधानमंत्री इस ऐतिहासिक रेलमार्ग का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

### नूंह पुलिस के साथ एनकाउंटर; 3 गौ तस्करों को लगी गोली, करने जा रहे थे गाय की हत्या

नूंह, एजेंसी। नूंह पुलिस के साथ मंगलवार को हुई एक मुठभेड़ में तीन कथित गौ तस्करों को गोली लग गई। उनको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन अन्य भागने में सफल रहे। अधिकारियों ने बताया कि तीनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी। इससे तीनों घायल हो गए। पुलिस कांस्टेबल अजय की दाहिनी आंख पर एक तस्कर ने चाकू से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी और आरोपियों को इलाज के लिए नल्हड़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गौ तस्करों के पास से दो देशी पिस्तौल, तीन कारतूस, सात खोखे, तीन चाकू, दो कुल्हाड़ियां, एक मृत और दो जीवित गाय, दो मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पकड़े गए तस्करों की पहचान राहिल (36), ताहिर (42) और शहजाद (35) के रूप में हुई है। तीनों के पैरों में गोलियां लगी हैं। तीनों ही पचगांव गांव के निवासी हैं। आरोपियों के खिलाफ ताऊरू सदर थाने में एक केस दर्ज कर लिया गया है। नूंह के उपायुक्त (डीएसपी) हरिंदर कुमार ने बताया कि एक खुफिया इनपुट के आधार पर पचगांव गांव की पहाड़ी के पास दो पुलिस टीमों ने छापेमारी की। पुलिस ने मौके पर एक गाय को रस्सियों से बंधा पाया।

### क्या है एसईबीसी कैटिगरी, जिसके लिए इस राज्य में छात्रों को मिलेगा सवा 11 पर्सेंट आरक्षण

भुवनेश्वर, एजेंसी। ओडिशा में अब एसईबीसी कैटिगरी को उच्च शिक्षण संस्थानों में 11.25 फीसदी का आरक्षण



दिया जाएगा। बुधवार को सीएम मोहन मांझी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में इस फैसले पर मुहर लगी। इसके तहत सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों को सरकारी एवं सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में आरक्षण दिया जाएगा। अब यह रिजर्वेशन सरकारी नौकरियों में तो मिलता था, लेकिन उच्च शिक्षण संस्थानों में यह लागू नहीं था। इसकी मांग लंबे समय से की जाती रही है। हालांकि अब भी मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले में यह लागू नहीं होगा।

मोहन मांझी ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इसे नए अकादमिक सत्र यानी इसी साल से लागू किया जाएगा। इस आरक्षण को सभी सरकारी विश्वविद्यालयों और सरकारी सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में लागू किया जाएगा। टीचर ट्रेनिंग कोर्स और लॉ की पढ़ाई में भी यह कोटा मिलेगा। दरअसल ओडिशा में एसईबीसीउसी वर्ग को कहा जाता है, जिसे केंद्र और अन्य राज्यों की आरक्षण सूची में ओबीसी बताया गया है। दरअसल ओडिशा में जनजाति आबादी की बहुलता है और ओबीसी की जनसंख्या अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है। इसके चलते यहां मुख्य प्राथमिकता स्ञ और एससी रिजर्वेशन को दी जाती रही है।

ओडिशा में ओबीसी की राजनीतिक गोलबंदी भी उस तरह की नहीं है, जैसे यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में दिखती है। ओडिशा में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग में ऐसी कई जातियों को शामिल किया गया है, जिनका प्रतिनिधित्व नौकरियों में कम रहा है। इस फैसले की केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी सराहना की और कहा कि यह लंबे समय से लंबित था। इसे और पहले ही होना चाहिए था। अब ओडिशा में शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण बढ़कर 50 फीसदी हो गया है, जो अब तक करीब 39 पर्सेंट ही था।

### मोदी जी आपकी सरकार तैयार है या नहीं; नक्सलियों ने लगाई शांतिवार्ता की गुहार

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ समेत मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा जैसे पड़ोसी राज्यों में लगातार चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशनों से नक्सली संगठन बैकफुट पर हैं। लगातार हो रही मुठभेड़ों के कारण नक्सलियों का संगठन कमजोर होता जा रहा है। नक्सली अब शांति वार्ता के लिए गिड़गिड़ाते नजर आ रहे हैं। नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने फिर प्रेस नोट जारी कर केंद्र सरकार से शांतिवार्ता की गुहार लगाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा है कि आपकी सरकार शांतिवार्ता के लिए तैयार हैं या नहीं, अपनी स्थिति स्पष्ट करें। नक्सलियों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से प्रतिक्रिया भी मांगी है। नक्सली संगठन के केंद्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय के नाम से यह प्रेस नोट जारी किया गया है। पत्र में शांति वार्ता के लिए केंद्र की मोदी सरकार तैयार हैं या नहीं, इस पर स्थिति स्पष्ट करने की बात कही गई है। पत्र में यह भी लिखा है कि नक्सल विचारधारा 16 राज्यों में है और हमारी संगठन से जुड़े लोग एक्टिव हैं। इसलिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया आनी चाहिए। नक्सलियों का कहना है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया से ही शांतिवार्ता पर स्थिति साफ होगी।

# शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के लिए करना होगा इंतजार, स्थगित हुआ लॉन्च मिशन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए ऐतिहासिक यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। नासा और निजी अंतरिक्ष कंपनी एक्सियॉम स्पेस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक्सियॉम मिशन 4 (एक्स-4) के तहत यह मिशन अब 8 जून 2025 को लॉन्च होगा। पहले यह मिशन 29 मई 2025 को निर्धारित था। एक्सियॉम स्पेस ने बताया कि मिशन को स्थगित करने का फैसला तकनीकी और परिचालन तैयारियों को और मजबूत करने के लिए लिया गया है। लॉन्च की तारीख में यह बदलाव प्री-लॉन्च जांच के दौरान एक मामूली तकनीकी समस्या पाए जाने के कारण किया गया है। एक्सियॉम स्पेस और इसरो दोनों ने स्पष्ट किया है कि यह एक साधारण तकनीकी खामी है और मिशन की तैयारियों या सुरक्षा पर इसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह मिशन भारत के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय बनेंगे। इसके अलावा, वह राकेश शर्मा के 1984 में सोवियत सोयूज यान के जरिए अंतरिक्ष यात्रा करने के 40 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट की भूमिका निभाएंगे। एएक्स-4 मिशन का दल और उद्देश्य एएक्स-4 मिशन में चार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। शुक्ला के साथ इस मिशन में अमेरिका की अनुभवी



अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन (कमांडर), पोलैंड के स्लावोस उज्नांस्की-विस्निव्स्की और हंगरी के तिबोर कपु शामिल होंगे। यह टीम स्पेसएक्स के ड्रैगन यान में फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में जाएगी और लगभग 14 दिनों तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहेगी। इस दौरान वैज्ञानिक रिसर्च, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और शैक्षणिक/सार्वजनिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां की जाएंगी। भारत के 'गगनयान' मिशन से जुड़े प्रयोग भी होंगे शुभांशु शुक्ला इस मिशन के दौरान भारत के आगामी 'गगनयान' मानव अंतरिक्ष मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण प्रयोग भी करेंगे। इनमें मांसपेशियों की क्षति, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में शरीर का अनुकूलन और अंतरिक्ष में जैविक खेती जैसे विषयों पर अध्ययन शामिल हैं। लखनऊ, उत्तर प्रदेश में 10 अक्टूबर 1985 को जन्मे शुक्ला भारतीय वायु सेना के एक अनुभवी टेस्ट पायलट हैं, जिन्होंने सु-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एन-32 जैसे विमानों पर 2,000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव हासिल किया है। 2019 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण के लिए चुने गए शुक्ला ने रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया। वे भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए भी प्रमुख अंतरिक्ष यात्री हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति ने जताई आपत्ति, पूछा- अदालतों के पास इसका अधिकार है?

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के 8 अप्रैल के ऐतिहासिक फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है, जिसमें राज्यपालों और राष्ट्रपति को विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई थी। राष्ट्रपति ने इस फैसले को संवैधानिक मूल्यों और व्यवस्थाओं के विपरीत बताया और इसे संवैधानिक सीमाओं का अतिक्रमण करार दिया। संविधान की अनुच्छेद 143(1) के तहत राष्ट्रपति ने सर्वोच्च न्यायालय से 14 संवैधानिक प्रश्नों पर राय मांगी है। यह प्रावधान बहुत कम उपयोग में आता है, लेकिन केंद्र सरकार और राष्ट्रपति ने इसे इसलिए चुना क्योंकि उन्हें लगता है कि समीक्षा याचिका उसी पीठ के समक्ष जाएगी जिसने मूल निर्णय दिया और सकारात्मक परिणाम की संभावना कम है। सुप्रीम कोर्ट की जिस पीठ ने फैसला सुनाया था उसमें जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और आर. महादेवन भी शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था, राज्यपाल को किसी विधेयक पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। इस



समय सीमा में या तो स्वीकृति दें या पुनर्विचार हेतु लौटा दें। यदि विधानसभा पुनः विधेयक पारित करती है तो राज्यपाल को एक महीने के भीतर उसकी स्वीकृति देनी होगी। यदि कोई विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजा गया हो तो राष्ट्रपति को भी तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। राष्ट्रपति ने इस फैसले को संविधान की भावना के प्रतिकूल बताया और कहा कि अनुच्छेद 200 और 201 में ऐसा कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है। राष्ट्रपति ने कहा, संविधान में राष्ट्रपति या राज्यपाल के विवेकाधीन निर्णय के लिए किसी समय-सीमा का उल्लेख नहीं है। यह निर्णय संविधान के संघीय ढांचे, कानूनों की एकरूपता, राष्ट्र की सुरक्षा और शक्तियों के पृथक्करण जैसे बहुआयामी विचारों पर आधारित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यदि विधेयक तय समय तक लंबित रहे तो उसे मंजूरी प्राप्त माना जाएगा। राष्ट्रपति ने इस अवधारणा को सिरे से खारिज किया और कहा, मंजूर प्राप्त की अवधारणा संवैधानिक व्यवस्था के विरुद्ध है और राष्ट्रपति तथा राज्यपाल की शक्तियों को सीमित करती है।

# अगले हफ्ते आ रहा बंगाल की खाड़ी में नया तूफान? चक्रवात शक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उन खबरों का जोरदार खंडन किया है कि अगले हफ्ते बंगाल की खाड़ी में एक नया चक्रवाती तूफान शक्ति' आ रहा है। मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को एक सख्त स्पष्टीकरण में कहा कि ऐसे किसी भी चक्रवात का पूर्वानुमान नहीं लगाया गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने मीडिया के एक वर्ग पर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन खबरों से लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। अपने आधिकारिक बयान में द्वस्ड्ड ने स्पष्ट किया कि 13 मई को, उसने केवल अंडमान सागर पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन की उपस्थिति की ही सूचना दी थी, न कि चक्रवाती तूफान आने की। एक दिन पहले मंगलवार को ऐसी खबरें आई थीं कि मौसम विज्ञान विभाग ने अंडमान सागर के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन की उपस्थिति को नोट किया है और कहा है कि वहां 16 से 22 मई के बीच कम दबाव वाली एक प्रणाली विकसित हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि यह प्रणाली 23 से 28 मई के बीच एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकती है, जिसे संभवतः शक्ति नाम दिया जा सकता है। अब मौसम विज्ञान विभाग ने इस खबर का खंडन किया है। साइक्लोन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन अलग-अलग मौसम विभाग



ने कहा है कि साइक्लोन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन, दोनों मौसम विज्ञान की दृष्टि से अलग-अलग हैं। चक्रवाती परिसंचरण यानी साइक्लोनिक सर्कुलेशन ऊपरी वायुमंडल में घूमती हवाओं के साथ कम दबाव के क्षेत्र को संदर्भित करता है और यह एक मजबूत प्रणाली में विकसित हो भी सकता है और नहीं भी। जबकि इसके विपरीत, चक्रवाती तूफान एक सुव्यवस्थित प्रणाली है, जिसमें सतह पर हवा की गति 62-88 किमी प्रति घंटा होती है, जिसे अक्सर संभावित खतरे के रूप में नामित और ट्रैक किया जाता है। मीडिया को चेतावनी इसके साथ ही मौसम विज्ञान विभाग ने सभी मीडिया प्लेटफॉर्म से अटकलें लगाने वाली या गलत जानकारी प्रकाशित करने से बचने का आग्रह किया है।

# तुर्की के बॉयकॉट के सवाल पर कन्नी काटने लगे कांग्रेस प्रवक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस पार्टी की बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार को लेकर पूछे गए सवाल पर पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश और पवन खेड़ा जवाब देने से कतराते नजर आए। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे की ओर माइक पास करते हुए सवाल को टालने की कोशिश की, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में क्या हुआ :** कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक पत्रकार ने तुर्की के खिलाफ भारत में बढ़ते बहिष्कार के आह्वान पर पार्टी का रुख पूछा। ये दोनों देश खुलकर पाकिस्तान का समर्थन करते दिखे थे। ऐसे में सवाल का जवाब देने के बजाय, कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश और मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा एक-दूसरे को माइक पास करते नजर आए। पवन खेड़ा ने आखिर में कहा, हम इस मुद्दे पर बाद में बात करेंगे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद बीजेपी ने इसे कांग्रेस की राष्ट्र-विरोधी मानसिकता का सबूत बताया।

**बीजेपी का हमला :** बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने इस घटना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस देश के व्यापक जनभावनाओं के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, तुर्की और अजरबैजान द्वारा आतंकी देश



पाकिस्तान को दिए जा रहे समर्थन से देश गुस्से में है। इन देशों के साथ व्यापार और पर्यटन का बहिष्कार करने की मांग बढ़ रही है और निजी नागरिक एकजुटता में खड़े हो रहे हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी खुद को भारतीय लोगों की व्यापक भावना के साथ भी नहीं जोड़ पा रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि यह जनता से इतनी कटी हुई है। यह अपनी राजनीतिक गुमनामी और पूर्ण अलगाव की हकदार है।

**कांग्रेस का पलटवार :** जवाब में, कांग्रेस ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर फैसले लेना सरकार का काम है, न कि विपक्ष का। पवन खेड़ा ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, चूंकि यह सवाल बीजेपी के एक पदाधिकारी ने उठाया है, इसलिए प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को तुरंत स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भारत सरकार ने तुर्की के साथ सभी राजनयिक और व्यापारिक संबंध तोड़ दिए हैं और क्या भारत में तुर्की का दूतावास बंद कर दिया गया है। जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर बीजेपी को घेरते हुए कहा, इसी तरह, प्रधानमंत्री कार्यालय और एस. जयशंकर को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि मोदी सरकार ने चीन के साथ सामान्यीकरण की प्रक्रिया क्यों शुरू की, जबकि वह भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहा है। साथ ही, 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री ने चीन को अतिक्रमण के लिए क्लीन चिट देकर राष्ट्रीय हितों को क्यों नुकसान पहुंचाया? तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार की मांग तेज तुर्की और अजरबैजान ने हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया था, जिसके बाद भारत में इन देशों के खिलाफ व्यापार और पर्यटन बहिष्कार की मांग तेज हो गई थी। कई निजी नागरिकों और संगठनों ने इस आह्वान का समर्थन किया है। हालांकि, कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने से परहेज किया, जिसे बीजेपी ने जनता की भावनाओं के खिलाफ बताया।

# क्या हॉकी एशिया कप के लिए भारत आएगा पाकिस्तान

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम भारत आएगी या नहीं इस पर संशय बना हुआ। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच जंग की स्थिति बन गई। 10 मई को सीजफायर जरूर हो गया, लेकिन किसी भी पाकिस्तानी को भारत में एंट्री की परमिशन नहीं मिली है।

बिहार के राजगीर में एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर तक खेला जाएगा। यह अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है। जिसमें एशिया की टॉप-8 टीमें हिस्सा लेंगी।

**सरकार के निर्देश मानेंगे- हॉकी इंडिया -** हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तान टीम एशिया कप के लिए आएगी या नहीं, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी है। पहलगाम में आतंकी हमला और भारत का ऑपरेशन सिंदूर कुछ दिन पहले ही हुआ। ऐसे में इस वक्त कुछ भी कह पाना मुश्किल है।

टूर्नामेंट शुरू होने में अब भी करीब 3 महीने का समय बचा है। हम शांति कायम होने का इंतजार कर रहे हैं। सरकार के जो भी निर्देश होंगे, हम उनका पालन करेंगे।भारत और पाकिस्तान के बीच 181 हॉकी मैच खेले गए। 82 में पाकिस्तान और 67 में भारत को जीत मिली। 32 मुकाबले ड्रॉ भी रहे।"



**सरकार ने मना किया तो पाकिस्तान के बिना टूर्नामेंट होगा -** हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा, अगर सरकार ने पाकिस्तान को एंट्री देने से मना किया तो उनके बिना टूर्नामेंट कराया जाएगा। सबकुछ सरकार के फैसले पर निर्भर है। अगर पाकिस्तान खेलने के लिए भारत नहीं आई तो उनके बिना टूर्नामेंट कराने का फैसला पूरी तरह एशियन हॉकी फेडरेशन करेगा। वे चाहें तो 7 टीमों को टूर्नामेंट करा सकते हैं या फिर पाकिस्तान की जगह किसी और टीम को मौका भी दिया जा सकता है।

**2016 में भी भारत नहीं आई थी पाकिस्तान टीम -** 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत में जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप हुआ था। तब भी पाकिस्तान हॉकी टीम भारत नहीं आई थी। तब पाकिस्तान की जगह मलेशिया को एंट्री देकर टूर्नामेंट कराया गया था। दोनों देशों में तनाव के बाद पाकिस्तान का जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी भारत आना मुश्किल लग रहा है। टूर्नामेंट चेन्नई और मदुराई में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा।भारत ने पिछले साल जूनियर हॉकी एशिया कप में पाकिस्तान को फाइनल हराकर ही टाइटल जीता था।

## पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानियों की एंट्री बैन, 27 अगस्त से बिहार में टूर्नामेंट

**वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप -** नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। वहीं भारत और पाकिस्तान को अपने-अपने चौथे टाइटल का इंतजार है। हॉकी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के अलावा जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भी हिस्सा लेंगी। 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल और इसे जीतने वाली टीमों के बीच 7 सितंबर को फाइनल होना है।

## रोहित-कोहली के संन्यास से घबराने की जरूरत नहीं है : मांजरेकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली और संजय मांजरेकर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'फैब फोर' के विदा लेने के बाद भी भारतीय क्रिकेट ने वापसी की थी। आधुनिक क्रिकेट के दिग्गजों रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया।



# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाली टीम को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेगी

## उप-विजेता 2.16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे



**सिडनी (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा कर दी गई है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाले एकमात्र टेस्ट से एक महीने से भी कम समय पहले आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2023-25 ??संस्करण के लिए एक विशाल पुरस्कार राशि की घोषणा की है।

डब्ल्यूटीसी 2023-25 ??फाइनल के लिए कुल पुरस्कार राशि 5.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे जो 2021 और 2023 दोनों में दिए गए 1.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर से काफी अधिक है जबकि उप-विजेता को 800,000 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर अब 2.16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

अंतिम टेस्ट के लिए 30 दिन की उल्टी गिनती को चिह्नित करते हुए आईसीसी ने इस मुकाबले के लिए उत्साह बढ़ाने वाला एक प्रचार वीडियो भी जारी किया जिसमें दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा, शीर्ष तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, प्रोटियाज स्टार एडेन मार्करम, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टीव स्मिथ और शानदार ट्रैविस हेड के साथ-साथ पूर्व महान खिलाड़ी शॉन पोलक, डेल स्टेन, मैथ्यू हेडन, मेल जोन्स, नासिर हुसैन, शोएब अख्तर और रवि शास्त्री शामिल हैं। इसी के साथ ही दोनों फाइनलिस्टों ने टीमों का भी ऐलान कर दिया है।

दक्षिण अफ्रीका डब्ल्यूटीसी 25 स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहा और लॉर्ड्स में फाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई जिसमें पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका पर जीत और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज ड्रॉ रही। ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत पर 3-1 की जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। उनके मजबूत अभियान में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू और विदेशी सीरीज में पाकिस्तान को 3-0 से हराना भी शामिल है।

## नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया

### धोनी, कपिल और बिंद्रा इसका हिस्सा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि दी है। नीरज को यह सम्मान खेल में असाधारण योगदान और राष्ट्र के प्रति उनकी कमिटमेंट के लिए दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार, 14 मई को इसकी घोषणा की। बयान के अनुसार, यह नियुक्ति 16 अप्रैल से प्रभावी है। नीरज चोपड़ा पहले भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर थे। उन्हें 2018 में सूबेदार बनाया गया था। नीरज 2016 में भारतीय सेना में नायब सूबेदार के रूप में शामिल हुए थे।

**● नीरज आज दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे -** नीरज चोपड़ा शुक्रवार 16 मई को दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। नीरज ने पिछले सीजन में 88.36 मीटर भाला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया था। वे 2023 में 88.67 मीटर के स्कोर के साथ चैंपियन बने थे। नीरज के अलावा, जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना, मिडिल डिस्टेंस रनर गुलवीर सिंह और पारुल चौधरी भी हिस्सा लेंगी।

नीरज चोपड़ा से पहले पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, कपिल देव और अभिनव बिंद्रा जैसे खिलाड़ियों को टेरिटोरियल आर्मी में मानद उपाधि दी जा चुकी है।

**लगातार दो ओलिंपिक मेडल जीत चुके हैं नीरज -** नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर-2 जेवलिन थ्रोअर हैं। वे भारत की ओर से लगातार दो ओलिंपिक गेम्स में मेडल जीत चुके हैं। नीरज ने पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर और टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा, वे वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे वर्ल्ड क्लास टूर्नामेंट में भारत को गोल्ड मेडल जिता चुके हैं।

## इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए साउदी को विशेषज्ञ सलाहकार किया नियुक्त



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की कि न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के खत्म होने तक इंग्लैंड का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे की शुरुआत 20 जून से लीड्स में पहले टेस्ट के साथ करेगी। यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट के साथ खत्म होगा। दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले साउदी इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय सत्र के शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे जो अगले बृहस्तिवार से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट होगा। 36 वर्षीय साउदी ने 107 टेस्ट मैच में 391 विकेट, 161 वनडे मैच में 221 विकेट और 126 टी20 मैच में 164 विकेट हासिल किए है। ईसीबी ने एक बयान में कहा, 'दुनिया भर में विभिन्न परिस्थितियों और सभी प्रारूपों में खेलने के अपने विशाल अनुभव के साथ वह खिलाड़ियों को अहम जानकारी प्रदान करेंगे। सलाहकार की भूमिका के बाद वह बर्मिघम फीनिक्स के लिए 'द हंड्रेड' में खेलना शुरू करेंगे।

## गुजरात में शामिल हो सकते हैं कुसल मेंडिस

### इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेंगे, दिल्ली ने बांग्लादेशी पेसर रहमान को साइन किया



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस गुजरात टाइटंस (जीटी) में शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेंडिस के इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेने की संभावना है। हालांकि गुजरात की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही वनडे सीरीज के कारण आईपीएल के प्लेऑफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। इससे पहले, बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल किया है। वे ओपनर जैक फ्रेजर मैगर्क की जगह लेंगे। मैगर्क मौजूदा सीजन के बाकी मैचों के लिए भारत नहीं आएंगे। फ्रेंचाइजी ने रहमान से 6 करोड़ रुपए में एग्रीमेंट किया है, लेकिन यह एग्रीमेंट मुश्किल में पड़ता दिखाई दे रहा है। एग्रीमेंट के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा- अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने क्रिकइंफो से कहा- मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है। मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है। आमतौर पर आईपीएल किसी भी प्लेयर से एग्रीमेंट का ऐलान तभी करता है, जब जब खिलाड़ी को उसके घरेलू बोर्ड से एनओसी मिल जाती है।

आईपीएल के बचे मैच का शेड्यूल और बांग्लादेश के,श्र दौरे का शेड्यूल क्लैश हो रहा है।

## ला लीगा- रियल मैड्रिड ने मायोर्का को 2-1 से हराया



### एमबाप्पे और रैमॉन ने एक-एक गोल किया, बार्सिलोना का खिताब जश्न टला

**बार्सिलोना (एजेंसी)।** स्पेनिश लीग ला लीगा में बुधवार को खेले गए मैच में रियल मैड्रिड ने मायोर्का को इंजरी टाइम में गोल कर 2-1 से हरा दिया। मैड्रिड के लिए किलियन एमबाप्पे और जैकोबो रैमॉन ने एक-एक गोल किया।

### बार्सिलोना को खिताब के लिए करना पड़ेगा इंतजार

इसके साथ ही बार्सिलोना को अपने 28वां लीग खिताब के लिए इंतजार करना पड़ेगा। स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट अर्जित करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 35 मैच के बाद 82 पॉइंट है। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है। स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो दो मैच खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने है। बार्सिलोना को 3 मैच खेलने हैं और एक भी जीतने के बाद वह खिताब जीत जाएगी। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली रियल मैड्रिड के दो मैच बाकी है, और दोनों जीतने के बाद भी खिताब हासिल करना मुश्किल है।

### हाफ टाइम में मायोर्का ने 1-0 से आगे

मायोर्का ने हाफ टाइम में रियल मैड्रिड से 1-0 से आगे रहा। मायोर्का की तरफ से 11 वें मिनट में मार्टिन वाल्जेंट ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद हाफ टाइम तक दोनों टीमों ने कोई और गोल नहीं किए।

### मबाप्पे ने गोल कर टीम को बराबरी पर लाया

मैच के 68वें मिनट में किलियन एमबाप्पे ने गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। लीग में उनका यह 28वां गोल था।

वह लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे तीन गोल पीछे बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की हैं। इनके 25 गोल हैं।

### रैमॉन ने इंजरी टाइम में विजयी गोल दागा

ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना का खिताब तय हो गया, पर इंजरी टाइम में रियल मैड्रिड की ओर से जैकोबो रैमॉन ने गोल कर स्कोर को 2-1 कर दिया और टीम को जीत दिला दी।

इसके साथ ही बार्सिलोना को खिताब जश्न मानने के लिए रोक दिया। उन्हें अपने अगले मैच तक इंतजार करना पड़ेगा। बार्सिलोना का मैच गुरुवार को एस्पेनयोल के साथ है। जीत के साथ ही वह खिताब भी जीत लेगी।

## कैफ बोले-लगता है विराट टेस्ट खेलना जारी रखना चाहते थे

### चयन समिति ने नहीं दिया साथ; 12 मई को लिया था संन्यास



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि विराट कोहली इंग्लैंड सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार थे। लेकिन, उन्हें अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति का समर्थन नहीं मिला। कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी।

### रणजी खेलकर इस फॉर्मेट को जारी रखने के दिए थे संकेत

कैफ ने बुधवार को आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में कहा, मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट में खेलना जारी रखना चाहते थे। इसको लेकर उनकी बीसीसीआई अधिकारियों और चयनकर्ताओं से बातचीत भी हुई होगी। चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 सालों में उनके प्रदर्शन का हवाला दिया होगा और उन्हें बताया होगा कि टीम में उनकी जगह अब नहीं हो सकती। हमें कभी पता नहीं चलेगा कि क्या हुआ, यह अनुमान लगाना बहुत मुश्किल है कि पर्दे के पीछे वास्तव में क्या हुआ था। उन्होंने आगे कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद रणजी ट्रॉफी खेलने से यह साफ था कि वह आगामी टेस्ट में वापसी करना चाहते थे। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से भी समर्थन मिलेगा, पर उन्हें नहीं मिला।

### पिछले पांच सालों में टेस्ट में 3 शतक ही जड़े

कोहली के अगर पिछले सालों के प्रदर्शन को देखें तो पता चला कि उनके प्रदर्शन में गिरावट आई है। उन्होंने इस बीच खेले 68 पारियों में केवल 2028 रन बनाए और तीन शतक ही लगाए। इस दौरान उनका करियर औसत घटकर 46 तक आ गया। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पर्थ में शानदार शतक के साथ वापसी के संकेत दिखे, लेकिन बाकी दौरे में वह केवल 90 रन ही बना पाए और भारत 1-3 से सीरीज हार गया।

## रोहित शर्मा राजनीति में ! महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिले

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट स्टार रोहित शर्मा का अपने आधिकारिक निवास 'वर्षा' में स्वागत किया। इस खास मुलाकात में रोहित के शानदार टेस्ट करियर को सम्मानित किया गया। फडणवीस ने अपनी भावनाओं को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा किया और रोहित के प्रति प्रशंसा और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं, जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

फडणवीस ने लिखा कि भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा का मेरे आधिकारिक निवास 'वर्षा' में स्वागत करना, उनसे मिलना और बातचीत करना बहुत अच्छा रहा। मैंने उन्हें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर शुभकामनाएं दीं और उनके सफर के अगले अध्याय में निरंतर सफलता की कामना की!

रोहित ने 11 साल और 67 टेस्ट के करियर के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। उन्होंने नवंबर 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और



67 टेस्ट में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन था, जो 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में आया। वे भारत के 16वें सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में रिटायर हुए।

रोहित ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2013 में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ 177 रनों की यादगार पारी के साथ की थी। शुरुआती वादे और कुछ शानदार पारियों के बावजूद, 'हिटमैन' को लंबे प्रारूप में अपनी जगह पक्की करने में मुश्किल हुई, खासकर विदेशी दौरों पर। 2013-18 के बीच, उन्होंने 27 टेस्ट में 39.63 की औसत से 1,585 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल थे।

# कलेक्टर ने आपातकालीन व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**पन्ना।** वर्तमान परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुरेश कुमार ने राहत और बचाव कार्य के लिए अधिकारी तैनात किए हैं। आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय प्लान बनाकर अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। गृह विभाग के गत 9 मई को आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जारी पत्र के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं जिला संयोजक को सभी अस्पताल में अनिवार्य जीवनरक्षक दवाईयों एवं उपकरण, चिकित्सक एवं मेडिकल टीम की उपस्थिति, ब्लड बैंक में सभी ग्रुप के रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न अस्पताल व स्कूल एवं छात्रावासों में अस्थाई आश्रय एवं जनरेटर व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक एवं जनसंपर्क अधिकारी को सोशल मीडिया पर निगरानी कर देश के विरूद्ध भड़काउ पोस्ट या सामग्री पर तुरंत कानूनी कार्यवाही करने तथा प्रदेश में माहौल खराब न होने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने सहित दूरसंचार कंपनियों से समन्वय कर संचार सेवाओं को निरंतर दुरूस्त रखने, जिला आपूर्ति अधिकारी को आपात स्थिति में जिलों में पर्याप्त खाद्य सामग्री व पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस इत्यादि की उपलब्धता तथा खाद्य सामग्री व अन्य आवश्यक वस्तुओं के अनावश्यक भण्डारण पर जरूरी कार्यवाही का दायित्व सौंपा है। ईई पीएचई को आपात स्थिति में पेयजल की पूर्ण व्यवस्था, पुलिस अधीक्षक, सीएमएचओ, कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण कंपनी, जिला आपूर्ति अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी धर्मस्व को जिले के अतिसंवेदनशील स्थलों की सूची और अस्पताल, पावर प्लांट, तेल व गैस डिपो, धार्मिक स्थल तथा भारत सरकार के संस्थान की जानकारी अद्यतन करने, जिला पंचायत सीईओ को ग्राम व पंचायत स्तर पर नागरिकों में



सुरक्षा व विश्वास की भावना बनाए रखने के उद्देश्य से नागरिक सुरक्षा संबंधी जानकारी देने, पुलिस अधीक्षक एवं सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को अग्निशमन सेवाओं को सक्रिय रखकर आवश्यक उपकरणों की जांच का दायित्व सौंपा गया है।

इस क्रम में पब्लिक एड्रेस सिस्टम को पर्याप्त संख्या में चालू स्थिति में रखने के लिए पुलिस अधीक्षक, समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओ, आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल व चेतावनी के परिप्रेक्ष्य में शहरों में सायरन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्थानीय, जिला व पुलिस प्रशासन से आवश्यक समन्वय कर जरूरी व्यवस्थाओं के लिए पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी एवं सिविल स्वयंसेवकों के राहत व बचाव कार्य में प्रभावी सहयोग के लिए भागीदारी का दायित्व जिला सेनानी होमगार्ड, सभी महाविद्यालय प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी, उद्योगों में सुचारू रूप से उत्पादन जारी रखकर इनकी सुरक्षा का दायित्व पुलिस अधीक्षक एवं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोक निर्माण विभाग की सड़क व पुल की देखभाल एवं सुरक्षा का दायित्व कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, विद्युत प्रदाय की निरंतर आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व कार्यपालन यंत्री विद्युत वितरण कंपनी को सौंपा गया है।

जिला कलेक्टर द्वारा पन्ना जिले में संभावित आपदा के संबंध में आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा त्वरित कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय आपदा नियंत्रण कंट्रोल रूम भी स्थापित कराया गया है। इसका दूरभाष क्रमांक 07732-252342 एवं 07732-250204 है। कलेक्ट्रेट स्थित जिला नियंत्रण कक्ष पन्ना में स्थापित जिला स्तरीय आपदा नियंत्रण कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी अधीक्षक भू-अभिलेख त्रिलोक सिंह पूसाम को बनाया गया है। साथ ही अधीनस्थ स्टॉफ की कंट्रोल रूम में ड्यूटी निर्धारित कर सजगतापूर्वक दायित्व निर्वहन तथा आपदा के दौरान आने वाली सूचनाओं की डेली रिपोर्ट तैयार कर प्रति दिवस कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर को अवगत कराने के लिए निर्देशित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे एवं सप्ताह के प्रत्येक दिवस संचालित रहेगा। भोपाल स्थित वल्लभ भवन में भी गृह विभाग का कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका दूरभाष क्रमांक 0755-2708055 एवं मोबाइल नम्बर 7648862100 है।

# आबकारी विभाग ने देवेन्द्र नगर में कई स्थानों से अवैध शराब पकड़ी

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर नवागत जिला आबकारी अधिकारी पन्ना मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चल रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में देवेंद्र नगर में चार अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर देशी,विदेशी और हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गये।





आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिरों से सूचना प्राप्त हो रही थी, कि देवेंद्र नगर नगर पालिका क्षेत्र के अंदर वार्ड नंबर 14 और 5 में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से शराब का संग्रहण कर चोरी छुपे रूप से विक्रय कर रहे है। सूचना की पुष्टि करने के पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी, उनके निर्देश पर चिन्हित स्थानों पर दबिश दी गयी। देवेंद्र नगर के वार्ड क्रमांक 14 बमरी चौराहे के पास रहने वाले मलखान दहायत पिता रामसिया दहायत उम्र 40 वर्ष के रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी ली गई। जिसमें 8 पाव इंपीरियल ब्ल्यू व्हिस्की अंग्रेजी शराब और 150 पाव देशी मदिरा सादा कुल मात्रा 27 लीटर अवैध शराब कीमती लगभग 15 हजार रुपए जप्त की गई। आरोपी के पास देशी और अंग्रेजी शराब के खाली पाव और खाली बोतलें भारी मात्रा मिली। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का अपराध दर्ज किया गया। इसके बाद वार्ड क्रमांक 5 सिसोदिया (कंजड़ाना) मोहल्ला में निर्मला सिसोदिया पति स्वर्गीय मंगल सिसोदिया, उम्र 65 वर्ष के रिहायशी मकान से लगभग 15 लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब और लगभग 40 किग्रा महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसके बाद शोभा सिसोदिया पति सीताराम सिसोदिया, उम्र 60 वर्ष के रिहायशी मकान से लगभग 25 लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब और लगभग 140 किग्रा महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

इसके बाद कंचन सिसोदिया पति वीरेंद्र सिसोदिया, उम्र 30 वर्ष के रिहायशी मकान से लगभग 35 लीटर हाथभट्टी महुए की कच्ची शराब और लगभग 170 किग्रा महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी उपनिरीक्षक हरीश पाण्डेय, आबकारी महिला आरक्षक स्मिता ठाकुर, आबकारी आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू,कुलदीप जाटव, नगर सैनिक मोतीलाल प्रजापति, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव और सुशांत सिंह, सोहेल खान, सुरेंद्र बुंदेला शामिल रहे।

# श्रमदान कर प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार का लिया संकल्प



**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में प्राचीन जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार व साफ-सफाई का कार्य जनप्रतिनिधि एवं आमजनों की सहभागिता से संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में जनअभियान परिषद के वालेंटियर्स द्वारा आज शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बगरौड़ में लगभग 200 वर्ष पुरानी सूखी बावड़ी के पुनर्जीवन के संकल्प के साथ श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। इस दौरान सरंपच प्रभा देवी प्रजापति ने भी स्थानीयजनों और सफाई मित्रों के साथ बाबड़ी की सफाई में सहयोग कर अन्य लोगों से भी उत्साहपूर्वक एकजुट होकर जल धरोहर के जीर्णोद्धार के लिए आगे आने का आह्वान किया। जनअभियान के ब्लॉक समन्वयक राजेश अर्गल ने बताया कि एक छोटे प्रयास से आसपास के जल स्त्रोतों की स्वच्छता व कायाकल्प संभव है। ग्रामीणजनों को भी प्रदेशव्यापी अभियान में सार्थक प्रयास कर सहभागी बनने की समझाईश दी गई। आगामी दिनों में भी विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए निरंतर सार्थक प्रयास किया जाएगा।

# आरटीआई कार्यकर्ता के खिलाफ थाना अमानगंज में मामला दर्ज, दलित महिला सरपंच ने की थी शिकायत

**पन्ना।** पन्ना जिले मे आरटीआई एक्टिविस्ट लिखकर अनेक सूचना का अधिकार आवेदन लगाकर सरपंच सचिवों व अधिकारियो पर दबाव बनाकर ब्लैकमेलिंग करने वाले नरेंद्र खरे के विरुद्ध अमानगंज पुलिस ने ग्राम पंचायत गोरा की महिला सरपंच की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है जानकारी के अनुसार थानाअमानगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गौरा की सरपंच राम कुमारी चौधरी ने बीते 12 मई को ग्रामवासियो के साथ थाना अमानगंज पहुंचकर पूरे घटनाक्रम के विवरण व दस्तावेजों सहित विस्तृत आवेदन पत्र सौपकर नरेंद्र खरे के विरुद्ध आवेदन दिया था।जिस पर अमानगंज थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने ग्राम पंचायत गौरा की दलितमहिला सरपंच श्रीमती राम कुमारी चौधरी की रिपोर्ट पर त्वरित संज्ञान लेकर नरेंद्र खरे निवासी सिचाई कॉलोनी पन्ना के विरुद्ध अपराध क्रमांक 0297/2025 बीएनएस की धारा 296, 308(2), 221, 351(2), 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(1ड्ड) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। ग्राम पंचायत गोरा की सरपंच राम कुमारी चौधरी ने आवेदन में लेख किया है कि खुद को आरटीआई एक्टिविस्ट बता



कर नरेंद्र खरे द्वारा उसे डरा धमका कर जेल भेजने की धमकी दी जाती थी। नरेन्द्र खरे द्वारा ग्राम पंचायत गोरा के प्रत्येक विकास कार्य में कमीशन की मांग की जा रही थी और कमीशन नहीं देने पर अमानगंज में जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए बुरी बुरी गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी गई और कहा गया कि यदि ग्राम पंचायत गौरा के प्रत्येक विकास कार्य मे कमीशन नहीं दिया तो तुझे सरपंची नहीं करने दूंगा और जेल भिजवा दूंगा। जिसको लेकर सरपंच ने थाने में शिकायत की थी आवेदन में यह भी लेख किया है कि नरेंद्र खरे द्वारा आरटीआई लगाकर जेल भिजवाने के नाम से डरा धमका कर उसके किसी कागज में धोखाधड़ी करके हस्ताक्षर करा लिए थे जिसकी धमकी वह हमेशा देता रहता था और ब्लैकमेल करता था जिसके डर से दलित महिला सरपंच रिपोर्ट करने नहीं आ पा रही थी।

# शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए 19 मई से लगेंगे शिविर

**पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की समाप्ति तक की अवधि में संभाग और जिला स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए 19 मई से शिविर लगाने का फैसला किया है। शिविर में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किए हैं।

शिविर में क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतनवृद्धि, सेवा अभिलेखों के अपडेशन पर विशेष कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी 3 वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवा से पूर्व वसूली का निर्धारण किया जाएगा। शिविर में पेंशन और अन्य लंबित स्वत्वों का निराकरण, अन्य लंबित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जाएगा।

शिविरों में होने वाली प्रतिदिन की कार्यवाही की 5 जून तक प्रति कार्य दिवस वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भोपाल से समीक्षा की जाएगी। प्रकरणों पर निराकरण नहीं होने पर लंबित आवेदन और न्यायालयीन प्रकरण निर्मित होने पर संबंधित संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

# यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर की कार्यवाही



**पन्ना।** मुख्यालय पीटीआरआई भोपाल द्वारा स्कूल बस / शिक्षण संस्थान एंव लोक पहिवहन के वाहनो के विरूद्ध दिनांक13.05.2025 से दिनांक 31.05.2025 जिला परिवहन अधिकारी से समन्वय कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है जो उक्त संचालित विशेष अभियान के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक पन्ना एस साईं कृष्णा दिशा निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी के साथ मिलकर थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार ने अपनी टीम के साथ मिलकर शहर के डायमण्ड चौराहा पर बसो की विशेष चैकिंग की जाकर 18 बसे नियम विरूद्ध पाये जाने पर उक्त बस चालको पर कार्यवाही करते हुए 9700 जुर्माना बसूल किया गया एंव वाहन चैकिंग के दौरान नियमो का उल्लघंन करने वाले 12 वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही कर 3100 रूपये जुर्माना बसूला गया।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 2025

## आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई निर्धारित

**पन्ना।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विहित प्रावधानों के अनुक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 से दो परीक्षाएं मुख्य एवं द्वितीय परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के छात्रों के लिए मुख्य परीक्षा में शामिल छात्रों को दूसरा अवसर प्रदान करेगी, जिससे वे अपने अंकों में सुधार कर सकें या अनुत्तीर्ण विषयों में उत्तीर्ण हो सकें। इस संबंध में आवश्यक विधिक संशोधन करते हुए मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल विनियम 1965 में संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर मध्यप्रदेश राजपत्र में अंतिम प्रकाशन 1 मई 2025 को किया गया है। मंडल द्वारा जारी पत्र अनुसार द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक छात्र 21 मई को रात 12 बजे तक एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। छात्र को अपने मुख्य परीक्षा के परिणाम के आधार पर संबंधित विषयों का चयन कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। छात्र उन विषयों का चयन अनिवार्य रूप से करेंगे, जिनमें वे अनुत्तीर्ण हैं, जबकि उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक रहेगा। मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र भी, यदि चाहें तो, अंक सुधार के उद्देश्य से द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। छात्र का अंतिम परिणाम मुख्य और द्वितीय परीक्षा में प्राप्त श्रेष्ठ अंकों के आधार पर तैयार किया जाएगा। द्वितीय परीक्षा की अंकसूची भी मान्य होगी और इसे मुख्य परीक्षा के समान ही महत्व दिया जाएगा। हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून तक तथा हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निधारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

# 2 मोटर साइकिल की आमने सामने भिड़ंत

**अमानगंज।** आज फिर जेके सीमेंट के ट्रांसपोर्ट के अज्ञात तेज रफ्तार ट्राला द्वारा पगरा देवरा के बीच जेके पेट्रोल पंप के सामने गंभीर सड़क दुर्घटना सामने आई है। जिसमें गणेश आदिवासी पिता कृपाल आदिवासी उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसको सिर हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है। ग्रामीणों ने आनन फानन घायल व्यक्ति को अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर अवस्था में पन्ना रेफर कर दिया। जेके के ट्रांसपोर्टरों के ट्रालाओं द्वारा अनियंत्रित गति से वाहन चलाए जा रहे हैं जिसमें कई बार सूचना देने पर भी संज्ञान लेने के नाम पर प्रशासन द्वारा केवल खानापूर्ति कर दी जाती है।

# पांच हजार की रिश्वत लेते हुए कनिष्ठ वेयरहाउस प्रभारी को लोकायुक्त पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पन्ना।** लोकायुक्त पुलिस सागर द्वारा पांच हजार की रिश्वत लेते हुए वेयरहाउस के एक कर्मचारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है जानकारी के अनुसार अमानगंज में कनिष्ठ सहायक वेयरहाउस के रूप में प्रभारी के रूप में पदस्थ। जितेंद्र कुशवाहा पिता रघुराज सिंह को गिरफ्तार किया आवेदक अनमोल रावत द्वारा संबंधित की शिकायत की गई थी जिस पर लोकायुक्त पुलिस द्वारा उक्त कार्रवाई की गई है है उसके द्वारा वेयरहाउस मैं रैक लगाने की



को लेकर 10000 रिश्वत की मांग की गई थी आवेदक द्वारा?5000 दिए गए थे उसके बाद कार्रवाई की गईउक्त कार्रवाई में निरीक्षक केपीएस बैन तथा निरीक्षक रोशनी जैन शामिल रहे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**पन्ना।** आयुष विभाग द्वारा बुधवार को जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस क्रम में पहाड़ीखेरा अंतर्गत ग्राम अमरईया में भी सामान्य नेत्र रोग और ईएनटी समस्याओं के लिए देखभाल की थीम पर आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपस्थितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुए शिविरों में बीपी एवं शुगर की जांच की गई, जबकि नेत्र रोग, कर्णशूल, मुखपाक, उदर रोग, बवासीर, चर्म रोग, मूत्र रोग, गठिया वात, लीवर और किडनी संबंधी विकारों एवं बीमारियों का परीक्षण कर औषधियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित आहार विहार और योग एवं प्राणायाम अपनाने के लिए प्रेरित किया। पहाड़ीखेरा के शिविर में 76 व्यक्ति लाभांवित हुए।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में संचालित ब्रांचों में रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**पन्ना।** शासकीय पॉलीजीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य श्री अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अंतर्गत डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में संचालित ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में सत्र 2025-2026 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रारम्भ है तथा दिनांक 15 मई 2025 से च्वाइस प्रारंभ हो चुकी है, च्वाइस फिलिंग के बाद प्रवेश की सूची जारी होगी और विद्यार्थी चयनित पॉलीटेक्निक में ब्रांच अनुसार प्रथम चरण में टी एफ़ डबल्यू और सामान्य सीट के लिए संयुक्त रूप से प्रवेश ले सकते है। पंजीयन की प्रक्रिया 1 जून की रात 11¬45 बजे तक चलेगी तथा सभी संचालित ब्रांच में प्रवेश हाई स्कूलके आधार पर होगा, इसके लिए दोनों संस्थाओं की टीमों द्वारा नगर एवं आसपास के गाँव में संपर्क कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान की जा रही है। 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को देखते हुये तकनीकी शिक्षा बहुत उपयोगी है, इसमें विद्यार्थियों को अंतिम वर्ष के आते आते नामी कंपनियों जैसे वॉल्वो, टाटा मोटर्स, रोंच पॉलीमर, अशोक लैलेण्ड, जॉन डीयरे, सुब्रोस लिमिटेड, जे के सीमेंट, जे के टायर आदि में प्लेसमेंट मिलने की संभावना होती है। वर्तमान में अधिक जानकारी हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक पन्ना तथा पवई संस्थानों में पहुंचकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# शुभ ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया जिले का गौरव

**पन्ना।** सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए जिसमें हायर सेकंडरी विद्यालय 12 बी एवंहाई स्कूल कक्षा दसवीं के परिणाम घोषित किए गए जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है तथा अपने विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है इसी कड़ी में कक्षा12 बी हायर सेकेंडरी विद्यालय डी ए बी स्कूल मझगवाँ पन्ना के छात्र हैं शुभ खरे ने। 91त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है शुभ खरे अधिवक्ता अरविंद कुमार खरे के भतीजे हैं तथा स्व. अशोक कुमार खरे (एडवोकेट) के पुत्र है एवं डी.ए.वी. मझगवाँ, पन्ना के छात्र हैं उनकी उक्त सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य परिवार जनों रिश्तेदारों इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर मिलेगा पुरस्कार

**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, कर्मियों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार दो श्रेणी में प्रदान किये जाएंगे। एक पुरस्कार जल गंगा संवर्धन अभियान में समग्र रूप से उत्कृष्ट कार्य पर और दूसरा मनरेगा अंतर्गत खेत तालाब निर्माण में श्रेष्ठ कार्य करने पर दिया जाएगा। अभियान में समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने पर पुरस्कार प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में दिया जाएगा। विभाग द्वारा सभी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को निर्देश पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अभियान में समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिला कलेक्टर को क्रमशरू एक लाख 50 हजार रुपए, एक लाख 25 हजार रुपए और एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार क्रमशरू एक लाख, 75 हजार और 50 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदान की जाएगी, जबकि जिले के अमले के लिए क्रमशरू 6 लाख, 4 लाख 50 हजार और 3 लाख रुपए की पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदान की जाएगी। जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कार देने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समिति द्वारा चयन किया जाएगा। इसके साथ ही यदि अभियान के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिला, जनपद, पंचायत में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, कर्मियों का स्थानांतरण हो जाता है, तो उन्हें पदस्थापना की कार्य अवधि के समानुपात में पुरस्कार की राशि प्रदान की जाएगी। जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधि पूर्ण होने पर निर्धारित मापदंडों के अनुसार जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों की रैंक के आधार पर उपरोक्त श्रेणियों का चयन किया जाएगा। इसका सत्यापन राज्य स्तर पर किया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत तालाब के निर्माण में उत्कृष्ट कार्य वाले जिले व विकासखंड को पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाएगा। जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए ए व बी दो श्रेणी होगी। ए श्रेणी में 4 या उससे कम जनपदों को शामिल किया जाएगा। इसी तरह से बी श्रेणी में 5 या उससे अधिक जनपदों को शामिल किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय पुरस्कार के लिए भी ए व बी श्रेणी निर्धारित की गई। ए श्रेणी में 70 या उससे कम ग्राम पंचायतों वाली जनपद पंचायतों को शामिल किया गया है, जबकि बी श्रेणी के लिए 71 या उससे अधिक ग्राम पंचायत वाली जनपदों को शामिल किया गया है। पूरे प्रदेश में जिला स्तर व विकासखंड स्तर की दोनों श्रेणियों के लिए एक-एक पुरस्कार दिया जाएगा। जिला स्तरीय पुरस्कार ए व बी श्रेणी में आने वाले कलेक्टर को एक लाख रुपए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी को 75 हजार रुपए, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को 50 हजार रुपए और जिले के अमले के लिए 2 लाख 75 हजार रुपए की राशि पुरस्कार के तौर पर दी जाएगी। विकासखंड स्तर पर भी ए व बी श्रेणी में आने वाले जनपद पंचायत सीईओ को 50 हजार रुपए, सहायक यंत्री जनपद पंचायत को 30 हजार रुपए और जनपद अमले को एक लाख 20 हजार रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाएगी।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शुक्रवार 16 मई 2025




मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रीवा एयरपोर्ट पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव भोपाल से विमान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल भी रीवा आए।



# विकास के सभी कार्य पूर्ण संकल्प के साथ किए जा रहे हैं : मुख्यमंत्री

## म.प्र. इकलौता राज्य, जहां तीन बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं पर हो रहा काम, मुख्यमंत्री ने दिव्यगवां में भगवान बिरसा मुंडा महाविद्यालय भवन का किया लोकार्पण



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि विकास के सभी कार्य पूर्ण संकल्प के साथ कराए जा रहे हैं। प्रदेश की धरती के एक-एक गांव में पानी की उपलब्धता के साथ ही हर घर को पीने का स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा रहा है। नदियों के पानी का सदुपयोग किए जाने की कार्य योजना मूर्त रूप ले रही है। दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम प्रारंभ हो चुका है। तीसरी नदी जोड़ो परियोजना के लिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मध्यप्रदेश इकलौता राज्य है जहां तीन बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के जवा अंतर्गत दिव्यगवां में 6 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बनाए गए भगवान बिरसा मुंडा महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 501 खेत तालाबों व 5 एकड़ में लगाए जाने वाले मुनगा वन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने 50 करोड़ 73 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने घोषणा की कि बैकुंठपुर में शासकीय महाविद्यालय का नवीन भवन बनाया जाएगा तथा चौखंडी में सांदीपनी विद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने जवा को नगर परिषद का दर्जा दिए जाने की घोषणा भी की। सिंचाई योजना के तहत विकासखंड जवा के ग्राम छतैनी, हरदोली, गहिलवार, बौसड़, दोंदर, लोहगढ़, बौसड़वा, जतरी कोटवा, डभौरा, अकौरिया, मगडौर तथा घूमन की कृषि भूमि को सिंचित योग्य बनाने के लिए नहरों से जोड़ने तथा चिन्हित स्थानों पर स्टाप डैम का निर्माण किए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने संबोधन की शुरुआत अपना पंचेन का राम-राम से की। उन्होंने कहा कि रीवा के सिरमौर विधानसभा क्षेत्र में इंदौर, भोपाल जैसे महानगर की तरह एक बड़े कॉलेज की सुविधा उपलब्ध हो गई है। उन्होंने ने कहा कि उच्च शिक्षा को और बेहतर एवं गुणवत्तापरक बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी ताकत से काम कर रही है। उन्होंने हर्ष जताते हुए बताया कि उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने दिव्यगवां में कॉलेज मंजूर किया था और आज उसी कॉलेज का वे बतौर मुख्यमंत्री लोकार्पण कर रहे हैं। इस कॉलेज में 3 हजार विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जिसमें 80 प्रतिशत बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि आज लाड़ली बहना दिवस भी है और हमारे देश में बेटियों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने गरीब आदमी के लिए पक्का मकान, निशुल्क अनाज, बच्चों की शिक्षा-दीक्षा और जिस क्षेत्र में भी आगे जाना चाहें उसके लिए कोचिंग की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने लिए हमारी सरकार गौपालन को बढ़ावा दे रही है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना हम गौ पालकों को अनुदान देंगे। पशुपालकों को प्रोत्साहन देने के लिए अब गाय का दूध सरकार खरीदेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कामधेनु योजना में किसान 25 गाय से लेकर अधिकतम 200 गाय तक पाल सकते हैं। इसके लिए पात्र हितग्राहियों को 25 प्रतिशत तक का अनुदान भी सरकार देगी। उन्होंने कहा कि हमारे किसान फसल उत्पादन में अग्रणी हो चुके हैं। उन्हें फसल के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन में भी आगे लाना है। किसानों को खेती के साथ दूध का उत्पादन भी करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में जल संरक्षण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश की धरती पर एक-एक गांव में सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि प्रदेश में जहाँ-जहाँ भगवान श्रीराम के चरण पड़े हैं, वहाँ-वहाँ सरकार श्रीराम वन गमन पथ विकसित कर इन्हें तीर्थ क्षेत्र बनाएगी। इसी प्रकार जहाँ-जहाँ भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुईं, वहाँ-वहाँ श्रीकृष्ण पाथेय बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट का भी विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित जनसमूह को विकास के लिए संकल्प दिलाते हुए कहा कि देश ने बीते दिनों में भारतीय सेनाओं का जो शौर्य और पराक्रम देखा है उससे पूरे देशवासी बेहद गौरवान्वित हैं। हमें हमारी सेनाओं और जवानों पर नाज है। उन्होंने कहा कि विन्ध्य के लिए यह गौरव की बात है जब देश की सेवा में थल सेना एवं नौसेना का नेतृत्व इसी अंचल के विभूतियों द्वारा किया जा रहा है और विंध्य के सफेद शेर की दहाड़ पाकिस्तान तक भी सुनाई दे रही है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि इस अंचल के लिए महाविद्यालय के नवीन भवन की स्थापना एक महत्वपूर्ण सौगात है। इसके बन जाने से उच्च शिक्षा सुगम हो सकेगी तथा बेटियों को पढ़ने के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सोन नदी के पानी से त्योंथर फ्लो के पूर्ण हो जाने पर यह क्षेत्र संपन्न हो जाएगा और यहां के किसान धरती से दौलत पैदा करेंगे। इससे पूर्व सांसद श्री जनार्दन मिश्रा ने कहा कि इस क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या थी। अब जल जीवन मिशन के तहत घर-घर स्वच्छ पानी मिलेगा तथा सिंचाई योजनाओं से किसानों को सिंचाई की भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने डभौरा रेलवे स्टेशन के विकास की सौगात एवं सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को साधुवाद दिया।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए सिरमौर विधायक श्री दिव्यराज सिंह ने कहा कि रीवा जिले के आखिरी छोर में स्थित दिव्यगवां को कॉलेज भवन का मिलना एक बहुत बड़ी सौगात है। इस महाविद्यालय में तीन हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। जिनमें से 80 प्रतिशत बेटियाँ हैं। उन्होंने जनमानस की तरफ से मुख्यमंत्री जी को इस सौगात के लिए साधुवाद दिया। विधायक श्री सिंह ने क्षेत्र की विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भगवान बिरसा मुंडा महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र अतुल सिंह को कुश्ती व नीतू पाल को शतरंज में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने महाविद्यालय भवन के लोकार्पण अवसर पर छात्राओं के साथ फोटो भी खिंचवाई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष रीवा श्री वीरेंद्र गुप्ता जिला भाजपा अध्यक्ष मऊगंज डॉ राजेंद्र मिश्रा, महामंत्री श्री राजेश पांडेय, पूर्व विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी, श्री केपी त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, डीआईजी राजेश सिंह, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी तथा बड़ी संख्या में जन समुदाय उपस्थित रहा।

# मुख्यमंत्री ने दिव्यगवां में किया विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास




**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा जिले के सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दिव्यगवां में 47 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपए के 5 कार्यों का लोकार्पण तथा 2 करोड़ 75 लाख 29 हजार रुपए के दो कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा 6 करोड़ 17 लाख 82 हजार रुपए की लागत से बनाए गए शासकीय भगवान बिरसा मुण्डा महाविद्यालय भवन दिव्यगवां का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 93 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनाए गए भगवान बिरसा मुण्डा सामुदायिक भवन तथा विधानसभा क्षेत्र मनगवां में राष्ट्रीय राजमार्ग से तिवनी जंक्शन पर बनाए गए सिक्स लेन ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया। इनकी लागत 14 करोड़ 85 लाख रुपए है। समारोह में मुख्यमंत्री ने 18 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बनाए गए सिरमौर-क्योटी नवीन सड़क तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए गए 501 खेत तालाबों का लोकार्पण किया। इनकी लागत 7 करोड़ 50 लाख रुपए है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दो निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया। इनमें लोक निर्माण विभाग द्वारा एक करोड़ 39 लाख 29 हजार रुपए की लागत के हाईस्कूल भवन अतरैला तथा एक करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे एसडीएम कार्यालय जवा का निर्माण कार्य शामिल है। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने दिव्यगवां ग्राम में ही 5 एकड़ में प्रस्तावित मुनगा के वृक्षारोपण कार्य का भी शिलान्यास किया।

# मऊगंज में साइबर अपराध से संबंधित कार्यशाला का आयोजन आज

**रीवा।** साइबर अपराध से सुरक्षित रहने और अपनी जानकारी को सुरक्षा प्रदान करने के विषय में कर्मचारियों एवं उपयोगकर्ताओं को जानकारी देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में 16 मई को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। कार्यशाला में साइबर क्राइम एक्सपर्ट हाईकोर्ट जबलपुर एवं इंडियन साइबर एकेडमी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने मऊगंज जिले के विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों की उक्त कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए स्वयं भी उपस्थित रहें।

# युवा संगम कार्यक्रम मऊगंज में आज

**रीवा।** मऊगंज के शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज में 16 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में शक्ति पंप इंडिया लिमिटेड पीथमपुर, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा तथा डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## कलेक्टर कार्यालय में वाहन पार्किंग के लिये इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते हैं

**रीवा।** कलेक्टर कार्यालय रीवा में वाहन पार्किंग के लिये एक वर्ष हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07662-242806 एवं 241635 पर संपर्क कर सकते हैं।

# थाना समान पुलिस ने अवैध नशीली कफ सिरप बेचने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंहके निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीवा शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी समान निरी. विकास कपीस एवं उनकी टीम व्दारा अवैध नशीली कफ सिरप बेचने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार।

गिरफ्तार आरोपी में सुनील कुमार विश्वकर्मा पिता मोहनलाल विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी रातहरी शासकीय स्कूल के पास थाना समान जिला रीवा।

जप्त मशरूका में 20 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप कीमती 3750 रू.।

घटना का संक्षिप्त विवरण में वरिष्ठ अधिकारियो व्दारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम एवं अवैध नशीली कफ सीरप बेचने वाले आरोपियो की धरपकड करने हेतु पूर्व मे निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य मे दिनांक 13.05.25 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की गड़रिया मोहल्ला नहर पुलिया के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से नशीली कफ सिरप कोरेक्स को काले रंग की पन्नी मे लेकर अवैध बिक्री करने हेतु खडा है थाना समान पुलिस व्दारा घेराबन्दी कर संदेही तथा उसके कब्जे के काले रंग की पन्नी की तलाशी ली गई पन्नी की तलाशी लेने पर उक्त काले रंग की पन्नी के अंदर एक और काले रंग की पन्नी मे ह्लह्नक्रश्वङ्ग 2द्बठ्ठद्दह्य कंपनी की 20 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप बरामद हुई संदेही से पूछने पर अपना नाम सुनील कुमार विश्वकर्मा पिता मोहनलाल विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी रतहरी शासकीय स्कूल के पास थाना समान जिला रीवा बताया जिसे गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना समान मे अप. क्र. 219/25 धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट का कायम कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

महत्वपूर्ण भूमिका में थाना प्रभारी समान निरी. विकास कपीस, उनि. मुन्नालाल , सउनि. बृजेश सिहं, सउनि. तीरथ सिहं, आर. 1137 रविशंकर व्दिवेदी, आर. 847 रत्नाकर सिहं, आर. 1143 दुर्गानंद यादव एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# मऊगंज जिला दण्डाधिकारी ने आशीष तिवारी को किया जिला बदर

**रीवा।** मऊगंज जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन द्वारा आशीष तिवारी को जिला बदर किये जाने का आदेश दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने आशीष तिवारी पिता बाल कृष्ण तिवारी निवासी ग्राम मढारघुवर थाना हनुमना को मऊगंज एवं उससे लगे सीमावर्ती जिले सीधी एवं रीवा की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिये निष्कासित करने का आदेश दिया है। उन्होंने आदेश प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर जिले की सीमा से बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है। आदेश का उल्लंघन करने पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के पहले वाटर पार्क का किया शुभारंभ

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर के पहले वाटर पार्क का लोकार्पण किया। शहर के माध्यम से बीहर नदी के तट पर निर्मित ईको पार्क में वाटरपार्क के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले में रीवा के लोगों को घूमने के लिये कोई स्थान नहीं होता था अब इन स्थानों की कमी नहीं है। पार्क, सुंदर तालाबों के किनारे व वृक्षों से आच्छादित सुरम्य स्थानों में लोग सुकून के पल विता सकते हैं।



रीवा को मिली एक और उपलब्धि

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। अब बाहर से आने वाले अपने परिजनों को भी यहां के लोग रीवा के पर्यटन स्थल दिखाते व घुमाते हैं जिनकी वह प्रशंसा भी करते हैं। रीवा के विकास की प्रदेश स्तर में चर्चा होती है। नवनिर्मित जिला न्यायालय भवन व सर्किट हाउस भवन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई। वाटर पार्क भी रीवा के लिये बड़ी उपलब्धि है। अभी तक रीवा में इसकी कमी थी। रीवा के ह्रदय स्थल में निर्मित वाटरपार्क इस कमी को दूर करेगा। वाटर पार्क बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं में लोकप्रिय स्थान होता है। गर्मी में इसका विशेष आकर्षण होता है। अब रीवा वासी इसका आनंद उठायेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक के.पी. त्रिपाठी, राजगोपाल मिश्रा चारी, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, प्रदीप गौतम सुमन, विजय तिवारी, अनुज सिंह, रामपाल सिंह, प्रदीप त्रिपाठी सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833